25 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 245

निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये लालू प्रसाद यादव



# इरान-इजराइल सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

## ट्रंप बोले, जंग रुकी, कुछ देर बाद इरान ने मिसाइलें दागीं, जवाब में इजराइल ने भी बम गिराये

● ट्रंप ने नेतन्याहू से हमला रोकने को कहा

एजेंसी

**तेहरान/ तेल अवीव/ दोहा।** इजराइल-इरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद इरान ने इजराइल पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीशेर्बा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। इरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने इरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की



है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और इरान पर हमला रोकने को कहा। न्यूज एजेंसी अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा कि मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि इरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है।

बताते चलें कि ट्रंप ने दोनों देशों के बीच जंग के 12वें दिन मंगलवार सुबह 3:32 बजे सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। हालांकि, सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ही इरान ने इजराइल पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। हालांकि इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने तेहरान में ताजा हमले के बाद मंगलवार देर शाम कहा है कि वह इरान पर अब हमला नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नेतन्याहू की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद इजराइल ने आगे और कार्रवाई पर रोक लगाने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल सीजफायर लागू होने के बावजूद इरान पर हमले जारी रख सकता है।

### एक नजर में युद्ध की बातें

- ट्रंप बोले, मैं ईरान में तख्ता पलट के खिलाफ, इससे अशांति फैलेगी
- इजरायली हमले में इरानी सेना आइआरजीसी के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ की मौत
- इरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा इजराइल ने सीजफायर नहीं तोड़ा, तो हम भी नहीं तोड़ेंगे
- कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान ने अल-उदीद पर इरानी हमले की फिर आलोचना की।
- इजराइली हमले में इरान के 7 सैनिक मारे गये
- इरान का दावा, इजराइल ने सुबह 9 बजे तक हमले किये
- इरान बोला, कतर में अमेरिकी बेस पर हमला सेल्फ डिफेंस में किया था

## दोनों देशों ने सीजफायर का उल्लंघन किया: ट्रंप

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इजराइल और इरान दोनों ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों से खुश नहीं हैं। खासकर इजराइल से, जिसने समझौते पर सहमति जताने के तुरंत बाद ही सीजफायर तोड़ दिया।

ट्रंप ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि आपके पास 12 घंटे हैं, तो इसका मतलब आप पहले घंटे में ही बाहर निकलकर अपने पास बचा सब कुछ झोंक दीजिये। दो देश इतने लंबे समय से इतनी मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार सुबह 10:38 बजे से सीजफायर लागू होने की घोषणा की थी। इससे पहले ट्रंप ने सुबह 3:32 बजे एक और पोस्ट में कहा था कि अब से लगभग 6 घंटे बाद, इजराइल और इरान अपने आखिरी मिशनों को पूरा कर लेंगे।


### इजराइल अब इरान पर हमला नहीं करेगा: ट्रंप

ट्रंप ने एक और पोस्ट करते हुए लिखा कि इजराइल, उन बमों को मत गिराओ। अगर तुमने ऐसा किया तो यह सीजफायर का बड़ा उल्लंघन होगा। अपने पायलटों को तुरंत वापस बुला लो। इसके बाद मंगलवार देर शाम को फिर पोस्ट किया कि इजराइल अब इरान पर हमला नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा कि सभी इजराइली विमान इरान की तरफ दोस्ताना




'प्लेन वेव' करते हुए वापस लौट जायेंगे। किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। सीजफायर लागू है।




## मुख्यमंत्री ने दिल्ली में नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को नयी दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाये एवं नियमित साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस सुनिश्चित की जानी चाहिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन स्थित अतिथि कक्ष, कांफ्रेंस



हॉल, डाइनिंग हॉल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित झारखंड भवन के अन्य पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## आक्रोश प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का असली चेहरा बेनकाब होगा : बाबूलाल

भाजपा ने जनता के सवालों पर सभी 264 प्रखंडों में किया आक्रोश प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार को छह महीने की मोहलत के बाद मंगलवार को प्रदेश भाजपा ने सड़कों पर उतर कर राज्य के सभी 264 प्रखंड और अंचल कार्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश के अलग-अलग प्रखंडों में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, आदित्य साहू, मनोज



कुमार सिंह, अमर कुमार बाउरी और नेतागण के अलावा सांसदों व विधायकों ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिला के तीसरी और गावां प्रखंड कार्यालय में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस मौके पर पर बाबूलाल मे कहा कि राज्य सरकार आदिवासी, दलित, महिला, किसान और युवा विरोधी सरकार है। हेमंत सरकार पार्ट-2 भी उसी तर्ज पर चल रही जैसा पिछले पांच वर्षों में चली। इसके नीयत और नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज दलाल और बिचौलिए राज्य के खान खनिज को लूट रहे हैं। गांव में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास बनाने केलिए बालू नहीं मिल रहा। आवास की योजना में पदाधिकारी 25 हजार तक कमीशन ले रहे। जमीन के कागजात बिना पैसे के नहीं बन रहे। प्रखंड के अस्पतालों में डॉक्टस, एंबुलेंस, दवाई कुछ उपलब्ध नहीं है। राज्य के युवा हताश और निराश हैं। वेकेंसी के साथ ही नौकरियों को बेच दिया जा रहा। राज्य में अपराधी बेखौफ और बेलगाम हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वोट लेकर जनता को दुबारा ठगा है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों का काम जनता की सेवा करना है। अगर वे ऐसा नहीं करते तो भाजपा बार-बार जनता की समस्याओं के लिए आंदोलन करने की मजबूर होगी। हम चुप नहीं बैठेंगे। यह शुरुआत है अंत नहीं।




## रेल किराया बढ़ाने की तैयारी, 1 जुलाई से लागू होगा

**नयी दिल्ली।** रेल का सफर 1 जुलाई से महंगा हो सकता है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराये में दो पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक सभी बदलाव 1 जुलाई से लागू होंगे। इस तारीख के बाद का टिकट बुक करने पर नयी दरों के हिसाब से किराया चुकाना होगा। बताते चलें कि रेलवे ने आखिरी बार 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था।

## पीएफ अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

**नयी दिल्ली।** अब पीएफ अकाउंट से इमरजेंसी या जरूरत के समय 72 घंटे में पांच लाख रुपये तक निकाल सकेंगे। पहले ये लिमिट एक लाख रुपये थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को इसकी जानकारी दी। इससे पहले श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने 28 मार्च को श्रीनगर में हुई इपीएफओ की कार्यकारी समिति की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया था। ऑटो सेटलमेंट में पीएफ विड्रॉल क्लेम को सिस्टम द्वारा अपने आप प्रोसेस किया जाता है। इसमें अफसरों के हस्तक्षेप की जरूरत बहुत कम या बिल्कुल नहीं होगी। अगर आपका यूआइडी (आधार), पैन और बैंक खाते से लिंक है और केवाइसी पूरी तरह से अपडेटेड है, तो सिस्टम आपके क्लेम की जांच करता है। ऑटो सेटलमेंट में क्लेम 3-4 दिन में प्रोसेस हो जाता है। इपीएफओ ने कुछ खास तरह के क्लेम (जैसे मेडिकल, शिक्षा, शादी, या मकान बनाने/खरीदने के लिए) के लिए ऑटो सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# एक ही बरसात में रांची की खुल गयी पोल

## ■ हर साल बारिश के मौसम में तालाब बन जाती है झारखंड की राजधानी

## ■ प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों को भी समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी

## ■ यदि इस समस्या पर काबू नहीं पाया गया, तो गंभीर हो सकता है मामला

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड की राजधानी रांची के बारे में कभी कहा जाता था कि इसकी सफाई प्रकृति ही करती है। हर दिन तीसरे पहर बारिश से शहर की सड़कें धुल जाती थीं और शहर का कचरा बह जाता था। जलनिकासी की ऐसी अद्भुत प्राकृतिक व्यवस्था दुनिया के किसी दूसरे शहर को नसीब नहीं थी, लेकिन समय ने सब कुछ बदल दिया है। आज रांची के लोग बारिश को वरदान नहीं, अभिशाप मानते हैं, क्योंकि मामूली बारिश में ही यह शहर तालाब बन जाता है। सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और गलियों में पानी भर जाता है। घरों में पानी घुस जाता है और यह स्थिति कई दिनों तक बनी रहती है। इस जलजमाव के कारण संपत्ति का नुकसान तो होता ही है, आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है। शहरी विकास और नियोजित बसावट के सारे दावे हर साल मानसून, यानी बारिश के मौसम में फेल होते नजर आते हैं। आम लोग नगर निगम प्रशासन को कोसते हैं और नगर निगम प्रशासन इस समस्या के लिए आम लोगों को जिम्मेदार ठहराता रहता है। नतीजा यह होता है कि समस्या के निदान की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं होता और अगले साल यह समस्या थोड़ी और विकराल होकर सामने खड़ी हो जाती है। आज रांची में जलजमाव की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि इस पर तत्काल ध्यान दिये जाने की जरूरत है। इसके लिए प्रशासन को आम लोगों के साथ मिल-बैठकर उपाय तलाशना होगा और रांची के लिए एक प्रभावी योजना तैयार करनी होगी। क्या है रांची की जलजमाव की समस्या और क्या हो सकता है इसके समाधान का उपाय, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। इसके साथ ही राजधानी रांची के निचले इलाकों में रहनेवाले लोग अपना घर-बार छोड़ने की तैयारी करने लगे हैं। जो रांची कभी अपनी प्राकृतिक जलनिकासी प्रणाली के लिए दुनिया भर में चर्चित थी, आज जलजमाव की समस्या से जूझ रही है और यह समस्या हर साल गंभीर होती जा रही है। रांची के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो गयी है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह बारिश परेशानी का सबब बन गयी है। शहर के कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह सड़कें तालाब में तब्दील हो गयी हैं। इसके कारण ट्रैफिक जाम हो रहा है और आवागमन में बाधा ने आम जनता का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### क्या है जलजमाव का कारण

पहली नजर में इस समस्या का कारण अनियोजित निर्माण नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर निर्माण हुए हैं। ये सभी निर्माण अनियोजित तरीके से किये गये हैं। कहीं भी जल निकासी की व्यवस्था का ध्यान नहीं रखा गया है। इसके कारण बारिश का पानी बाहर नहीं निकल पाता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पानी मुख्य नाले तक पहुंच ही नहीं पाता और परिसर में भर जाता है। इससे हर वर्ष मानसून के समय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा रांची में जलजमाव के अन्य कारणों में तेजी से शहरीकरण, अनियोजित विकास, भूजल का अत्यधिक दोहन, पर्याप्त जल निकासी प्रणाली का अभाव और कूड़ा-कचरा शामिल हैं।

### घर से बाहर जानेवालों को सबसे अधिक परेशानी

जमजमाव की समस्या से सबसे अधिक परेशानी घर से बाहर निकलनेवालों को होती है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर काम पर जानेवाले लोगों को भी इस जलभराव से परेशानी हो रही है। कई बार तो अभिभावक सुरक्षा को देखते हुए बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। ऐसा नहीं है कि यह समस्या इसी साल पैदा हुई है। यह समस्या हर साल सामने आती है और हर साल इसका स्वरूप गंभीर होता जा रहा है।

### नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल

इस आपदा के बीच रांची नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए हैं, खासकर नालों की नियमित सफाई को लेकर। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर निगम ने मानसून से पहले कोई ठोस तैयारी नहीं की, जिससे थोड़ी-सी बारिश में भी नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं।



### नगर निगम की अलग है परेशानी

दूसरी तरफ नगर निगम की अलग परेशानी है। उसके पास संसाधनों की कमी है। इतने बड़े शहर की साफ-सफाई के लिए जितना संसाधन चाहिए, वह नगर निगम के पास नहीं है। इसलिए अक्सर सफाई व्यवस्था और कार्यप्रणाली बेअसर दिखती है। अब नगर निगम ने घोषणा की है कि जलजमाव प्रभावित इलाकों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा और सार्वजनिक चेतना अभियान के तहत नागरिकों को जिम्मेदारी समझायी जायेगी। निगम का दावा है कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### नगर आयुक्त ने नागरिकों को ठहराया जिम्मेदार

हालांकि नगर निगम संसाधनों की कमी के बारे में खुले तौर पर कुछ नहीं कहता, लेकिन निजी तौर पर यह कमी सामने आती है। इसके अलावा नगर निगम प्रशासन आम लोगों को भी इस समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराता है। निगम के अधिकारी कहते हैं कि लोग बेतरतीब तरीके से प्लास्टिक कचरा नालियों में फेंकते हैं, जिससे निकासी अवरुद्ध होती है। ऐसे में मामूली बारिश भी जलजमाव का कारण बनती है।

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद ढिलाई

हालांकि सवाल यह भी उठता है कि जब राज्य सरकार ने प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा रखा है, तो जिला प्रशासन की निगरानी प्रणाली कहां है। यदि नगर निगम को प्लास्टिक समस्या की जानकारी है, तो प्रतिबंध का सख्ती से पालन और दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

### रांची को कैसे मिलेगी इस समस्या से मुक्ति

बहुत पुरानी कहावत है कि यह जानना महत्वपूर्ण नहीं है कि गड़बड़ी क्या है, बल्कि यह जानना जरूरी है कि गड़बड़ी को ठीक कैसे किया जा सकता है। रांची में जलजमाव के चाहे जो भी कारण हों, अब जरूरी है कि इससे मुक्ति कैसे मिलेगी। रांची को जलजमाव से मुक्ति कब और कैसे मिलेगी, यह एक जटिल सवाल है, जिसका सीधा जवाब देना मुश्किल है। रांची में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए अभी और समय और प्रयास की आवश्यकता है। रांची नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा कई प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत जल निकासी प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए नालों की सफाई और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। अनियोजित विकास पर नियंत्रण पाने के लिए सख्त नियम बनाये जा रहे हैं और उनका पालन करवाया जा रहा है। भूजल का संरक्षण करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के प्रयास किये जा रहे हैं। कूड़ा-कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और कूड़ा-कचरा को सही तरीके से निपटाने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

हालांकि इन प्रयासों के बावजूद रांची में जलजमाव की समस्या अभी भी बनी हुई है। स्थायी समाधान के लिए इन सभी प्रयासों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक होने और जल संरक्षण के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर रांची को जलजमाव से मुक्ति मिलने में अभी समय लगेगा, लेकिन यदि सभी संबंधित पक्ष मिलकर प्रयास करें, तो इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है।

---

# 24 घंटे के अंदर आस्था ज्वेलर्स से 4 करोड़ के गहने लूटने वाले सभी आरोपी गिरफ्तार

**एसटीएफ ने पटना से सभी 6 लुटेरों को कार के साथ गिरफ्तार किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स से सोमवार की देर शाम करोड़ों रुपये के गहने लूटने वाले लुटेरों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के वक्त युवकों के पास से 23 सोने की अंगूठी, 6 मंगलसूत्र, सोने का एक ब्रेसलेट और 13 हजार 820 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। मंगलवार को पटना एसटीएफ ने पटना से सभी 6 लुटेरों को कार के साथ गिरफ्तार किया।

**सभी युवकों की उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच :** सभी आरोपी बिहार के रहनेवाले हैं, जिसमें सभी युवकों की उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच है। गिरफ्तार लुटेरों में पटना सिटी का राहुल पटेल उर्फ डायमंड, बेतियाकुमार बाग का रौशन सिंह, वैशाली नगर का नितेश तिवारी, मोतिहारी केसरिया का आदित्य राज, मोतिहारी का प्रिंस कुमार और सुमन मुसाफिर हवारी शामिल है।




### 23 सोने की अंगूठी, 6 मंगलसूत्र समेत कई सामान बरामद

गिरफ्तारी के वक्त युवकों के पास से 23 सोने की अंगूठी, 6 मंगलसूत्र, सोने का एक ब्रेसलेट और 13 हजार 820 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। युवकों की गिरफ्तारी की सूचना बोकारो एसपी हरविंदर सिंह को दी गयी, जिसके बाद गठित एसआइटी के पुलिस अधिकारी पटना के लिए रवाना हो गये हैं।

**दुकान के संचालक ने दर्ज करायी प्राथमिकी :** इधर आस्था ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने चास थाना में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में पूरी घटनाक्रम का उल्लेख किया गया है। आस्था ज्वेलर्स में कल सोमवार की शाम 6:15 बजे अपराधियों ने डकैती की बड़ी घटना को अंजाम दिया था। दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद अपराधी दुकान अपर पहुंचे थे और दुकान में रखे सोने के करोड़ों के जेवर और दुकान में रखी 100 और 500 रुपये की दो गड्डियां लेकर फरार हो गये थे।

---

# प्रेम प्रसंग में महिला-पुरुष को बंधक बनाकर ग्रामीणों ने पीटा

**चार बच्चों की मां है महिला, रंगेहाथ पकड़ने के लिए पति ने बारात जाने की बात कही**

**पति के जाते ही महिला ने अपने प्रेमी को बुलाया, इसके बाद गांव वालों ने दोनों को बंधक बना लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोरियो।** बोरियो थाना क्षेत्र के पुआल पंचायत स्थित वास्को गांव में एक युवक और युवती को सोमवार देर रात से बंधक बनाकर रखा गया है। देर रात दोनों को पकड़ने के बाद गांव वालों ने पंचायत लगाकर दोनों को रस्सी से बांधा और जमकर पिटाई की। जानकारी के मुताबिक, युवक उमेश सिंह जो छोटा कुसमी गांव का रहने वाला है और ऑटो चलता है, अपनी प्रेमिका से मिलने वास्को गांव आया था। इसी दौरान देर रात डेढ़ बजे गांव वालों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

बताया ये जा रहा है कि महिला चार बच्चों की मां है और उसके पति को पहले ही पत्नी के प्रेम-प्रसंग में शामिल होने का शक था। पति ने अपनी पत्नी को बारात में जाने की गलत जानकारी दी। इसके बाद पत्नी ने अपने प्रेमी को देर रात घर बुला लिया। पति छुपकर सारी हरकत देख रहा था और मौका देखकर पत्नी के साथ उसके प्रेमी को पकड़ लिया। इसके बाद गांव वालों ने दोनों को बंधक बनाकर बीच सड़क पर बैठा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पिटाई भी की। छोड़ने के लिए पैसे की डिमांड तक की गयी। पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली तो वो मौके पर पहुंची और दोनों को गांव वालों के चंगुल से छुड़ाने की पूरी कोशिश की। घटना को लेकर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि पुलिस गांव वालों को समझाने की कोशिश कर रही है। मामले में कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।



---

# निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये लालू प्रसाद

## 5 जुलाई को पटना के बापू सभागार में धूमधाम से पदभार ग्रहण करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के संगठनात्मक चुनाव के तहत लालू प्रसाद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इस बात की पुष्टि पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ रामचंद्र पूर्वे और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चितरंजन गगन ने मंगलवार को पटना में एक प्रेस वार्ता के दौरान की। डॉ पूर्वे ने बताया कि 18 जनवरी, 2025 को उन्हें राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी और चितरंजन गगन को सहायक पदाधिकारी नियुक्त कर पार्टी के विभिन्न स्तरों पर चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गयी थी। उन्होंने कहा, एक करोड़ दस लाख से अधिक सदस्यों वाली पार्टी के संविधान के अनुरूप और पारदर्शी ढंग से चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन संगठन के बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के मजबूत नेटवर्क के कारण यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

डॉ पूर्वे के अनुसार, 23 जून को नामांकन प्रक्रिया के दौरान केवल एक नामांकन, पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद यादव द्वारा दाखिल किया गया। चार प्रतियों में दाखिल नामांकन पत्र की जांच 24 जून को की गयी, जिसे वैध पाया गया। निर्धारित समयसीमा में नामांकन वापसी नहीं होने के कारण लालू प्रसाद को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



इसकी औपचारिक घोषणा 5 जुलाई, 2025 को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में की जायेगी। उसी अवसर पर उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र भी सौंपा जायेगा और पार्टी का खुला अधिवेशन आयोजित होगा। डॉ पूर्वे ने बताया कि अब तक राज्य की 27 इकाइयों में से 22 में चुनाव सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर की इकाइयों के बाद, 21 जून को राष्ट्रीय परिषद के तदर्थ सूची का प्रकाशन और 22 जून को अंतिम सूची जारी की गयी थी।

**पारदर्शिता पर जोर :** डॉ पूर्वे ने कहा, आरजेडी के संगठनात्मक चुनाव संविधान के अनुरूप और पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराये गये हैं। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भोला यादव, अशोक कुमार सिंह, रणविजय साहू, मधु मंजरी, ई. अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर, भाई अरुण, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, बल्ली यादव, निर्भय अंबेडकर और युवा राजद के गणेश यादव समेत कई नेता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# भाजपा का रांची में आक्रोश प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सभी जिलों में अंचल कार्यालयों पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। रांची के हेहल में भाजपा नेताओं ने कहा कि बिना पैसे के कोई सरकारी काम नहीं हो रहा। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार नहीं चेती तो आंदोलन और उग्र होगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी जिलों के अंचल कार्यालयों के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और जनविरोधी कार्यशैली के गंभीर आरोप लगाये। रांची के हेहल अंचल कार्यालय में भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए और मुख्य गेट के सामने धरना देकर जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पोस्टर-बैनर लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया।

भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा, राज्य सरकार ईमानदारी से काम करे वरना जनता अगला रास्ता दिखायेगी। अगर सरकार नहीं चेती, तो हम सड़कों से लेकर सदन तक आंदोलन को तेज करेंगे। वहीं धरना प्रदर्शन के चलते कई अंचल कार्यालयों में विकास कार्य बाधित रहे।

इस विरोध कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। प्रदर्शन में भाजपा नेत्री शोभा यादव, सिमन सिंह, प्रतुलनाथ शहदेव, मनोज मिश्रा सहित कई स्थानीय और राज्यस्तरीय नेता शामिल रहे।

## भ्रष्टाचार का अड्डा बन गये हैं अंचल कार्यालय : सीपी सिंह



**रांची(आजाद सिपाही)।** रांची जिला में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ भाजपा रांची महानगर ने मंगलवार को आक्रोश प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन के रांची के चार अंचल सदर, अरगोड़ा और बड़गाईं अंचल कार्यालय के समक्ष किया गया। निर्धारित कार्यक्रम में अंचलों में बेलगाम हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा रांची महानगर के कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ भारी संख्या में शामिल होकर जनविरोधी हेमंत सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और अंचल का घेराव कर भ्रष्ट अधिकारियों और सरकार को चेताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सारे अंचल आज के समय में भ्रष्टाचार का अड्डा बन गये हैं। बिना पैसे दिये अंचलों में एक पत्ता भी नहीं हिलता, रांची में जितनी भी हत्या और आत्महत्या हो रही है इसका जिम्मेदार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंचलों में होने वाला भ्रष्टाचार मुख्य कारण है। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने भ्रष्ट पदाधिकारी और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर झारखंड की जनता को परेशान करना नहीं छोड़ा तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि सारे अंचल लूट की फैक्टरी बने हुए हैं और अधिकारियों की इतनी हिम्मत बिना सरकार के मिली भगत के नहीं हो सकती। आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से सदर अंचल में सीपी सिंह, वरुण साहू, ओम प्रकाश, रौशनी खलको और अरगोड़ा अंचल में नवीन जयसवाल, अजय साह, सुबोध सिंह गुड्डू, बड़गाईं अंचल में समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दिल्ली में पिता से मिले हेमंत सोरेन, कहा-सेहत ठीक है

### गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं शिबू सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिता शिबू सोरेन को देखने के लिए मंगलवार को दिल्ली गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह दिल्ली पहुंच गये और एयरपोर्ट से सीधे सर गंगाराम अस्पताल गये। जहां वह अपने पिता शिबू सोरेन से मुलाकात की। डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बताते चलें कि शिबू सोरेन नियमित जांच के लिए दो दिन पहले दिल्ली गये थे। वह दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। उनका नेफ्रोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ एके भल्ला के नेतृत्व में इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है। विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम उनकी देखभाल कर रही है।



# भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन हताशा और बौखलाहट का प्रतीक : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा द्वारा झारखंड के प्रखंडों में किये गये आक्रोश प्रदर्शन को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि यह प्रदर्शन न तो जनता के लिए था और न ही जनहित से इसका कोई वास्ता है, बल्कि यह भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक है।



विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को इस बात का कष्ट है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी-मूलवासी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए काम कर रही है। भाजपा जिन सवालों को लेकर प्रदर्शन कर रही है, वे वही मुद्दे हैं, जिन्हें भाजपा ने अपनी सत्ता में पूरी तरह नजरअंदाज किया था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, बालू नीति, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाजपा का बोलना हास्यास्पद है, क्योंकि उनके शासनकाल में बालू माफिया सबसे ज्यादा सक्रिय थे, योजनाएं ठप थीं, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी थी और युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ जुमले दिये गये थे। अपने इन्हीं कृत्य के कारण भाजपा को प्रदेश की जनता ने सत्ता से बेदखल कर दिया था और इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व को आपार बहुमत देकर सत्ता की बागडोर सौंपी है।

पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय मुख्यमंत्री रहने के बावजूद बाबूलाल मरांडी झारखंड की जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे हैं। वे आज जिन मुद्दों पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हीं समस्याओं की जड़ें भाजपा शासन में पड़ीं।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसमें सच्चाई और नीयत की ईमानदारी होनी चाहिए। यह प्रदर्शन सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने की कवायद है। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसा कानून का लागू होना, स्थानीयता पर आधारित नियोजन नीति, महिला सशक्तिकरण, मंईयां सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाये गये हैं, जिनसे भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की नीयत और राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है। विकास के एजेंडे को भटकाने और अफवाह फैलाने की कोशिशें अब नहीं चलेंगी। झारखंड की जनता सरकार के साथ है, और भाजपा को हर मंच पर जवाब दे रही है और आने वाले चुनावों में भी देगी।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

### जनता दरबार में मंत्री ने सुनी 63 फरियादियों की समस्याएं

# आम लोगों की सेवा का माध्यम है जनता दरबार : दीपिका पांडेय सिंह

**जिन मुद्दों पर ज्यादा फॉलोअप की आवश्यकता होगी, उसे विभागीय स्तर पर करके प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कांग्रेस भवन में मंगलवार को जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता और आम लोगों की समस्याओं से अवगत हुईं। जनता दरबार में जन समस्याओं से अवगत होने और उसके निराकरण की दिशा में किये जाने वाले प्रयास की मॉनिटरिंग करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कहा कि आम लोगों का कांग्रेस पर विश्वास और भरोसे को देखते हुए सभी मंत्रियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस कार्यालय में किया जाये। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में आयी समस्याओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है और समय-समय पर मंत्रियों की ओर से जनता दरबार में आये लोगों की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में की जा रही कार्रवाइयों का प्रगति प्रतिवेदन भी कांग्रेस मुख्यालय में भेजा जा रहा है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमारे समक्ष कई मामले आये। इनमें कई प्रखंडों में वर्षों से जमे पदाधिकारी के तबादले, सड़क निर्माण, चिकित्सा के अलावे अन्य मामले भी सामने आये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली सड़क का मामला भी आया। इसपर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया में समय लगता है। जनता दरबार कांग्रेस की बेहतरीन पहल है। इसमें जनता हमसे संवाद कर अपनी बातों को रखती है, जनता दरबार आम लोगों की सेवा के लिए है। मंत्री ने कहा कि जिन मुद्दों पर ज्यादा फॉलोअप की आवश्यकता होगी उसे विभागीय स्तर पर करके प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जायेगा। जनता दरबार की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के समक्ष 63 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। जनता दरबार में आये मामलों में पथ निर्माण से नौ, तबादलों के तीन, जमीन संबंधी आठ, अबुआ आवास से चार, कर्ज माफी से तीन, आर्थिक सहायता के संदर्भ में दो, इलाज संबंधी चार के अलावा अन्य विभिन्न मसलों पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय के कई मजदूरों ने अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही हिंदपीढ़ी की इरम परवीन ने अपने तीन माह के बच्चे को पति द्वारा ले जाने की समस्या रखी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्री ने मौके पर ही वरीय आरक्षी अधीक्षक से बात कर मामले पर मानवीय पहलू के तहत अविलंब कार्रवाई कर बच्चे को वापस करने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कमल ठाकुर, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, नरेंद्र लाल गोपी, राजीव चौधरी, अजय जैन, प्रशांत पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिल्ली में सड़क निर्माण में अनियमितता के संदर्भ में वेदांत कौस्तव ने मंत्री से की शिकायत

रांची (आजाद सिपाही)। वेदांत कौस्तव ने सिल्ली में सड़क निर्माण में अनियमितता के संदर्भ में ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से जनता दरबार में मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। उन्होंने मंत्री को बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत है कि निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड नहीं लगाये गये हैं। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की बतायी जा रही है, जिससे कार्य की मजबूती और टिकाऊपन पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जा रहा है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। पैकेज 2 (22.26 करोड़ रुपये) यह कार्य सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन को 6 प्रतिशत अधिक दर पर आवंटित किया गया, जो कई स्तरों पर सवाल खड़े करता है। पैकेज 16 (13.83 करोड़ रुपये) यह ठेका बृजेश कुमार को दिया गया, जिसके विभागीय अधिकारियों से निकट संबंध बताये जाते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसा सुनने में आ रहा है कि बुंडू (रेलाडीह) पुल निर्माण की निविदा में संबंधित संवेदक द्वारा 15 प्रतिशत कम दर पर टेंडर डाला गया था। लेकिन इसके बावजूद अन्य सभी निविदाकारों को अयोग्य घोषित कर केवल उसी संवेदक को उपयुक्त ठहराया गया, जबकि कुछ निविदाएं इससे भी अधिक बिलो रेट की बतायी जा रही हैं। यह प्रक्रिया पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### ओबीसी मुद्दे पर झामुमो के आरोप पर आजसू पार्टी का पलटवार

# ओबीसी आरक्षण खत्म करने की झामुमो ने की साजिश : आजसू

**सुदेश महतो ने ओबीसी विरोधी साजिश विफल की तो बौखलाया झामुमो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पिछड़ा वर्ग विरोधी है। झामुमो ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने की साजिश रची थी, जिसे आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने विफल कर दिया तो झामुमो बौखला गया है और बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। सुदेश महतो ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए हमेशा संघर्ष किया है, जबकि हेमंत सरकार की ओबीसी विरोधी साजिश के कारण पंचायत और नगर निकाय का चुनाव कई वर्षों से नहीं हो पा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो और वरिष्ठ नेता, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि झामुमो का आजसू पर आरोप झूठ का पुलिंदा है। मुंह से बोलने से नहीं चलेगा। तथ्यों के आधार पर झामुमो बात करे और जनता को गुमराह करना बंद करे। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि सुदेश महतो ने पंचायत में दस हजार पदों पर ओबीसी को आरक्षण दिया था, जिसे इस सरकार ने एकमुश्त समाप्त कर दिया है। हेमंत सरकार ट्रिपल टेस्ट के बिना ही पंचायत और नगर निकाय चुनाव करवाना चाहती थी, ताकि ओबीसी को आरक्षण नहीं देना पड़े। पंचायत चुनाव को लेकर सुदेश महतो की पहल पर आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सुप्रीम कोर्ट गये और कोर्ट ने निर्देश दिया तब जाकर यह सरकार ओबीसी के लिए ट्रिपल टेस्ट करवा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मार्च 2022 में भी स्पष्ट रूप से कहा था कि ओबीसी आरक्षण की बाध्यता नहीं है जिसका आजसू ने विरोध किया था। प्रभाकर ने कहा कि झारखंड बनने के बाद सुदेश महतो और आजसू के प्रयास से राजग सरकार ने 2001 में ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल की थी, जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। 2021 में भी सुदेश महतो ने इस विषय पर विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प प्रस्ताव लाया था। प्रभाकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में विशेष परिस्थितियों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण पर सहमति जतायी है। तमिलनाडु में 69 प्रतिशत, पूर्वोत्तर में 80 प्रतिशत,और छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत, आरक्षण लागू है। इसलिए झारखंड में भी कानून बनाकर 50 प्रतिशत, से ज्यादा आरक्षण सीमा किया जाये ताकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सके। प्रभाकर ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने हमेशा ओबीसी, दलित, आदिवासी सबों को अधिकार देने के लिए संघर्ष किया। लेकिन हेमंत सरकार ट्रिपल टेस्ट की सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। एक वर्ष से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद खाली है। ऐसे में ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट की वैधानिकता संदेह के दायरे में होगी। ट्रिपल टेस्ट में भी अनावश्यक देर की जा रही है।

# एसबीयू में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि डॉ मुखर्जी का सपना था कि पूरा कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। धारा 370 को हटाना उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हटाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बोलते हुए विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने राष्ट्र हित में किये गये डॉ मुखर्जी के कार्यों को याद किया और कहा कि उनकी विचारधारा में देश की एकता-अखंडता, सांस्कृतिक उत्थान और देश के नागरिकों का शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान भी समाहित है। कार्यक्रम के अवसर पर विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित हुए। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# जरमुंडी में भाजपा का प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के सामने में सोमवार को भाजना ने आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। जिसमें कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजसभा सांसद पूर्व विधायक अभय कांत प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ में विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह, विश्वनाथ राय, साथ में दुमका जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद, पूनम देवी, जरमुंडी मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार, सहारा मंडल अध्यक्ष मुरलीधर मंडल, बासुकीनाथ नगर मंडल शैलेश राव, बालकृष्ण पांडे, संजय प्रसाद, रमेश मिश्रा, प्रशांत कुमार दत्ता, मोहन साह, जनार्दन महतो, निर्मल राउत, राजेंद्र गोस्वामी, तुषार कांति भूई, दिनेश यादव, मनोज मंडल, नकुल मंडल, सूरज मोहन तत्व, चंदन राय, आनंदी मांझी, मिथिलेश झा, हेमंत कुमार यादव, जनार्दन मंडल, रंजीत गंधर्व, राजेश गंधर्व, हेमंत कुमार यादव, मुकेश दर्वे, नरेश यादव, दीनानाथ यादव, देवनारायण यादव, सुबोध मंडल, उज्जवल कुमार, भुवनेश्वर दास, पप्पू कुमार सिंह, रंजीत पांडे, संदीप पांडे, राजेश कुमार गुप्ता, मनोरमा देवी, आनंदी झा, मोहन मंडल, शहदेव प्रसाद साह, शहदेव मंडल, बैजनाथ भंडारी ,कैलाश मंडल, जगदीश राय, हरे कृष्णा राय, बारूद्दीन मियां,अशोक मंडल, प्रेम कुमार राव, प्रमोद तिवारी, घनश्याम पंडित, राजेश यादव, वासुदेव मंडल उपस्थित थे।

# राज्यपाल से जनजातीय समाज ने मुलाकात की, पेसा एक्ट को लागू करने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जनजातीय समाज के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को झारखंड पंचायत उपबंध पेसा एक्ट (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) नियमावली 2024 के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही इस नियमावली को झारखंड राज्य में प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से कहा कि यह नियमावली पारंपरिक ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करती है और धार्मिक और सामाजिक जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर धर्मांतरण की प्रवृत्ति पर भी नियंत्रण संभव बनाती है। शिष्टमंडल ने यह भी अवगत कराया कि रूढ़िजन्य जनजाति समुदाय इस नियमावली के समर्थन में है और इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। शिष्टमंडल में महादेव मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, सोमदेव उरांव, नूतन कच्छप, सुकेंद्र उरांव, फुलदेव भगत, कृष्णा भगत, लाल सिंह मुंडा, सुरकू संगा, मनोज के साईं, कृष्णचंद्र बोदरा, लाल सिंह हेंब्रम, तुरन बोइपाइ एवं सुदर्शन भगत सहित अन्य शामिल थे।

# मांडू विधायक निर्मल महतो का विरोध, पुतला फूंका



**झारखंड आंदोलनकारी की धर्मपत्नी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : देवेंद्रनाथ महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मांडू के आजसू विधायक निर्मल महतो का जोरदार विरोध हो रहा है। 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' ने मंगलवार को उनका पुतला दहन किया। बीते 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव में मनाया गया। इस दौरान भारी भीड़ के बीच मीडिया संवाद में मांडू के विधायक निर्मल महतो द्वारा डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो की मां को इंगित करते हुए अभद्र शब्द का प्रयोग किया गया। जिसे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में भारी नाराजगी है। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के निर्देश पर पूरे झारखंड में मांडू विधायक का पुतला दहन किया गया। देवेंद्र नाथ महतो ने बुंडू मोड सिल्ली में कार्यकर्ताओं के साथ पुतला दहन करते हुए कहा कि विधायक निर्मल महतो के द्वारा हमारे डुमरी विधायक पर अभद्र गाली-गलौज करना अशोभनीय है। झारखंड अलग आंदोलनकारी कृष्णा महतो की धर्मपत्नी पर अभद्र टिप्पणी कदापि यह राज्य स्वीकार नहीं करेगा। कानूनी तौर पर भी हमारे संगठन पदाधिकारी कई थानों में लिखित शिकायत दर्ज कर चुके हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, खुदीराम महतो, गुहीराम स्वांसी, कार्तिक महतो, चंडी प्रसाद, मदन महतो, अजय महतो आदि संगठन के पदाधिकारी और सैकड़ों जनसाधारण मौजूद रहे।

### पीबी पार्टनर्स झारखंड में पहुंचा उन्नति के शिखर पर

# 60% हुई व्यापार में बढ़ोतरी, 5,000 से भी ज्यादा एजेंट का बना नेटवर्क

**डिजिटल टेक्नोलॉजी की मदद से टियर 2 और 3 शहरों में बीमा का बढ़ा विस्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स के ब्रांड पीबी पार्टनर्स अपने खास पीओएसपी (प्वाइंट ऑफ सेल्स पर्सन) मॉडल के जरिए पूर्वी भारत में तेजी से अपनी जड़े फैला रहा है। कंपनी ने रांची में एक प्रेस मीट आयोजित की। इसमें झारखंड में बदलते मोटर बीमा क्षेत्र और एजेंट आधारित वितरण में हुई बड़ी प्रगति के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में पीबी पार्टनर्स के डिप्टी डायरेक्टर और मोटर बिजनेस सेल्स हेड अमित भदौरिया और उनके साथ ईस्ट जोन सेल्स मैनेजर रितेश लुकटुके मौजूद रहे। झारखंड पीबी पार्टनर्स के लिए एक बड़ा विकास बाजार बन रहा है। टियर 2 और टियर 3 शहरों में कंपनी का 5,000 से ज्यादा एजेंट पार्टनर्स का मजबूत नेटवर्क फैला हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी ने पिछले साल की तुलना में एजेंट भर्ती में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी की और इनके एजेंट सक्रियता में 122 प्रतिशत की बढ़त रही। साथ ही कुल कारोबार में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह विकास साफ तौर पर दिखाता है कि अब लोग मोटर बीमा की पूरी सुरक्षा देने वाले प्रोडक्ट्स को ज्यादा पसंद कर रहे हैं और यह भी साबित करता है कि पीबी पार्टनर्स की डिजिटल टेक्नोलॉजी गांवों और छोटे शहरों तक बीमा पहुंचाने में सफल हो रही है। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग और धनबाद पीबी पार्टनर्स के लिए अहम ऑपरेशनल और विकास केंद्र बनने जा रहे हैं। ये शहर एजेंट की ट्रेनिंग, पार्टनर से जुड़ाव और क्षेत्रीय विस्तार के मुख्य केंद्र के रूप में काम करेंगे। अमित भदौरिया ने बताया कि अब लोग स्मार्ट एड-ऑन जैसे इंजन प्रोटेक्शन (इंजनसुरक्षा), जीरो डेप्रिसिएशन (बीमा में पूरी कीमत मिलना) और रोडसाइड असिस्टेंस (सड़क पर मदद सेवा) को ज्यादा चुन रहे हैं। अब पहली बार बीमा लेने वाले लोग भी पूरी सुरक्षा देने वाला व्यापक कवरेज बीमा ले रहे हैं। ऐसे एड-ऑन मानसून जैसे अनिश्चित मौसम में गाड़ी की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं। और हर तरह के ग्राहकों को यह आकर्षित भी कर रहे हैं।

पीबी पार्टनर्स के इस्ट जोन सेल्स मैनेजर रितेश लुकटुके ने कहा कि पीबी पार्टनर्स ने एजेंट पार्टनर्स के लिए पेमेंट प्रक्रिया को आसान बना दिया है। हमारी ऑन-डिमांड पेआउट (ओडीपी) सुविधा से एजेंट हर पॉलिसी बेचने के बाद तुरंत अपनी कमाई निकाल सकते हैं। पैसे ज्यादातर उसी दिन या अगले दिन उनके खाते में आ जाते हैं। यह तुरंत भुगतान की सुविधा टियर 2 और टियर 3 शहरों के एजेंटों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इससे उनके पास लगातार कैश फ्लो बना रहता है। पीबी पार्टनर्स ने एक डिजिटल-फर्स्ट कस्टमर जर्नी (सीजे) प्लेटफॉर्म शुरू किया है, जिससे बीमा पॉलिसी जल्दी और बिना किसी कागजी प्रक्रिया के जारी की जा सकती है, साथ ही पूरी सेवा भी डिजिटल तरीके से मिलती है।

### अंचल अधिकारी दो सप्ताह के अंदर प्रार्थी का नाम पंजी दो में दर्ज करें : हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने रांची के हेहल अंचल के अंचल अधिकारी को दो सप्ताह के अंदर प्रार्थी जितेंद्र सिंह का नाम पंजी दो में दर्ज कर लगान रसीद जारी करने का निर्देश दिया है। नहीं तो उनके ऊपर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। जितेंद्र कुमार का नाम पंजी दो में लगानदाता के तौर पर दर्ज था और वो वह अपने भूखंड के उपभोग के विरुद्ध लगान देते आ रहे थे। जिसे हेहल अंचल अधिकारी ने रद्द कर दिया था। अंचल अधिकारी की ओर से पंजी दो रद्द करने के बाद जितेंद्र सिंह ने हाइकोर्ट का रुख किया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी जितेंद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र त्रिपाठी ने पक्ष रखा। अपनी बहस में उन्होंने कोर्ट को बताया कि अंचल अधिकारी को दाखिल खारिज रद्द करने का कोई अधिकार नहीं है, जिसके बाद कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता के दलील से सहमत होते हुए हेहल अंचल के अंचल अधिकारी घनयश्याम कुमार को दो सप्ताह के अंदर प्रार्थी का नाम पंजी दो में दर्ज करने का आदेश दिया और ऐसा नहीं करने पर पचास हजार रुपया दंड जमा करने का आदेश दिया है।

# बंधु तिर्की ने दिल्ली में केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक से की मुलाकात



**झारखंड में संगठन विस्तार और मजबूती पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की दिल्ली प्रवास पर हैं। इस दौरान बंधु तिर्की ने पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक से मुलाकात की। साथ ही झारखंड में कांग्रेस के संगठनात्मक काम-काज और विस्तार को लेकर चर्चा हुई। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने संगठन सृजन को लेकर राज्य में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक चलाये जा रहे अभियान की जानकारी भी दी। झारखंड में कांग्रेस का संगठन कैसे प्रभावशाली बने और इसके साथ-साथ जनता से जुड़ी हुई समस्याओं का कैसे समय रहते समाधान हो। इस पर सबसे ज्यादा फोकस करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य में गठबंधन वाली सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। कांग्रेस का उद्देश्य राज्य की जनता से किये गये हर एक वायदे को समय पर धरातल पर उतारना है। वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों में कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने और कार्यकर्ताओं की भूमिका को रेखांकित करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने बताया है कि कांग्रेस फिर एक बार अपने पुराने राजनीतिक इतिहास को रचने के लिए तैयार है। इसमें संगठन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कांग्रेस के हर एक नेता और कार्यकर्ता ने लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने डॉ एस जयशंकर से की मुलाकात

# नाइजर में फंसे बगोदर के मजदूरों की घर वापसी को लेकर की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से भेंट की। भेंट के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने नाइजर में फंसे बगोदर क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी को लेकर वह प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने इस संवेदनशील विषय को लेकर विदेश मंत्री से विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया, जिस पर डॉ जयशंकर ने हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।



विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रयासों की जानकारी देते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रही है। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के परिजनों को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पूरी गंभीरता से विषय पर काम कर रही है और हर भारतीय की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्नपूर्णा देवी ने यह भी बताया कि उन्होंने हाल ही में प्रवासी मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि उनके अपने लोग जल्द सुरक्षित घर लौटेंगे।

# भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं, तो अगली बार जनता ब्लॉक में बैठ कर शासन चलायेगी : बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदनक्यारी।** झारखंड की जनता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन वाली सरकार को दूसरी बार मौका दिया है। बावजूद इसके पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल की तरह इस बार भी सरकार ने कोई भी जनहित का कार्य नहीं किया। सरकार के दूसरे कार्यकाल का 6 महीना पूर्ण हो चुका है और राज्य की स्थिति बदतर हो चुकी है। मंईयां योजना के नाम पर चंदनक्यारी की 60000 से अधिक महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया था और इसी के नाम पर सरकार ने चंदनक्यारी में अपनी जीत दर्ज की। बावजूद 6 महीने गुजर जाने के बाद भी



महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त बातें चंदनक्यारी के पूर्व विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को आक्रोश रैली के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ मंईयां योजना के नाम पर सरकार ने जनता को ठगा बल्कि वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास के नाम पर भी जनता को ठगने का काम किया है। आज अबुआ आवास को बंद कर दिया गया है। वहीं ब्लॉक और अंचल स्तर पर रसीद काटने, बंदोबस्ती जमीन को हथियाने के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। चंदनक्यारी विधानसभा में ही चोरी की घटना थम नहीं रही है। यहां तक की चोरों ने बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर तक की चोरी कर ली। सोमवार को ही चास में दिनदहाड़े एक ज्वेलरी दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया और जनप्रतिनिधि कमीशन खाने के चक्कर में ब्लॉक, अंचल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षा विभाग आदि जगहों पर जाकर अपना कमीशन बांधकर सो जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चंदनक्यारी की जनता ने बेहतर बिजली व्यवस्था, इंजीनियरिंग कॉलेज, पार्क, गवाई बराज, छऊ केंद्र, एयरफोर्स की बहाली देखा है, लेकिन आज क्या स्थिति है यह जगजाहिर है। वहीं उन्होंने चंदनक्यारी की जनता से वादा करते हुए कहा कि यदि जल्द ही चंदनकियारी के अंचल, ब्लॉक में भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगायी जाती है तो अगली बार ब्लॉक के बाहर नहीं बल्कि जनता ब्लॉक के अंदर बैठकर अपना शासन चलायेगी।

# योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया जुड़ रही : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वन अर्थ-वन फेमली की कामना के साथ केन्या के तैत-टवेटा काउंटी में स्थानीय नागरिकों और केन्याई रक्षा बलों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के मान की झलक दुनिया भर में देखने को मिल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र ने कई देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किये हैं। योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया जुड़ रही है। भारत की यह विधा दुनिया की एकजुटता को मजबूत बना रही है।



## नगड़ी में रिम्स-2 के निर्माण पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र : विजय शंकर नायक

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को नगड़ी में रिम्स-2 के लिए कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एक तरफ दावा करते हैं कि रिम्स-2 हर हाल में बनेगा और यह सरकारी जमीन पर होगा, वहीं दूसरी तरफ पुलिस संरक्षण में नगड़ी की कृषि योग्य भूमि की घेराबंदी शुरू कराते हैं। नायक ने कांग्रेस के भीतर आदिवासी हितों की अनदेखी पर सवाल उठाते हुए कहा कि बंधु तिर्की और इरफान का बयान विरोधाभासी है और भ्रम फैलाने वाला भी है। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि वह अपनी नीति स्पष्ट करे और आदिवासी समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाए। नायक ने चेतावनी दी कि यदि नगड़ी में कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण रद्द नहीं किया गया, तो आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच रांची के किसानों-रैयतों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन और आजीविका से कोई समझौता नहीं होगा।



## झाप्रसे के 10 अधिकारियों को अपर सचिव रैंक में मिली प्रोन्नति

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। मालूम हो कि इसमें कुछ अधिकारी जल्द ही रिटायर होनेवाले हैं। रिटायरमेंट से पूर्व मिली प्रोन्नति से वे काफी खुश बताये जा रहे हैं। क्योंकि प्रोन्नति के कारण होनेवाली वेतन बढोत्तरी का लाभ उन्हें पेंशन में भी मिल सकेगा।


**चक्रधरपुर मंडल में विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर मंडल द्वारा चक्रधरपुर मंडल में निम्नलिखित श्रेणियों की परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में ई-नीलामी सूचना का मसौदा संलग्न है। जिसे वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामी का विवरण इस प्रकार है: **क्र.सं.; श्रेणी; कैटेलॉग संख्या; नीलामी की तारीख; नीलामी शुरू होने का समय** एवं **नीलामी बंद होने का समय** निम्नानुसार हैः **1;** पार्किंग; **पार्किंग-सीकेपीडीआईवी**; 30.06.2025; सुबह 11.30 बजे एवं दोपहर 12.20 बजे। **2 ;** विज्ञापन; **एडीवीटी-टीएटीए-25**; 01.07.2025; दोपहर 12.00 बजे एवं दोपहर 12.30 बजे। **3;** विज्ञापन; **एडीवीटी-टीआरएन-ईएक्सटी**; 02.07.2025; दोपहर 12.00 बजे एवं दोपहर 12.50 बजे। **4;** मिसलेनियस; **एमएसएस-सीकेपी-25**; 03.07.2025; दोपहर 12.00 बजे एवं दोपहर 12.40 बजे। **5;** पार्सल; **पार्सलएसएलआर-जुलाई**; 05.07.2025; सुबह 11.45 बजे एवं दोपहर 1.35 बजे। इच्छुक पार्टियां इन पर ध्यान दें और कार्यस्थल के विवरण और ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-308) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा


# सामाजिक, आरटीआइ कार्यकर्ताओं ने भाकपा-माले का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के कांके विधानसभा क्षेत्र के कई सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता मंगलवार को भाकपा माले में शामिल हो गये। इन कार्यकर्ताओं ने वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, जल-जंगल-जमीन जैसे मुद्दों पर आवाज उठायी है। भाकपा माले के सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो और बगोदर के पूर्व विधायक ने नये साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी की जनपक्षधर विचारधारा और जमीनी संघर्ष को इससे नयी ऊर्जा मिलेगी। शामिल होने पर सरफराज अंसारी ने कहा कि उन्होंने वर्षों से पारदर्शिता और जवाबदेही भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ी है, लेकिन अब समय आ गया है कि इस संघर्ष को संगठित राजनीतिक मंच के माध्यम से आगे बढ़ाया जाये। युवा अधिकार कार्यकर्ता रेहान अंसारी ने कहा कि युवा लंबे समय से बेरोजगारी, शिक्षा और अधिकारों की अनदेखी का शिकार हैं। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में कांके क्षेत्र समेत अन्य इलाकों में जनसभाएं, जनसुनवाइयां और पदयात्राएं आयोजित की जायेगी ताकि आम लोगों की समस्याएं सीधे तौर पर उठाई जा सकें और जनआधारित राजनीति को मजबूत किया जा सके।



# मनीषा सहाय को लघुकथा श्री सम्मान प्रदान किया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लघुकथा शोध केंद्र समिति( भोपाल) द्वारा हिंदी भवन में अखिल भारतीय लघुकथा शोध संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। रांची से मनीषा सहाय 'सुमन' को एकल लघुकथा संकलन बूंद-बूंद जिंदगी के लिये कृति सम्मान 2025 लघुकथा श्री सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर बूंद-बूंद जिंदगी लघुकथा संकलन का विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व साहित्य अकादमी निदेशक डॉ देवेंद्र दीपक ने किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के निदेशक डॉ प्रज्ञेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम में सुभाष नीरव, डॉ मिथिलेश अवस्थी, विजय जोशी और लघुकथा शोध केंद्र समिति की अध्यक्ष कांता राय, उपाध्यक्ष गौकुल सैनी, सचिव घनश्याम मैथिल का सानिध्य प्राप्त हुआ। चार सत्र में विभाजित कार्यक्रम में लघुकथा के जनक पंडित माधव राव सप्रे की लघुकथा एक टोकरी मिट्टी के वाचन से आरंभ हुए, इस आयोजन में सम्मान समारोह के साथ कई पुस्तकों का लोकार्पण, शोध आलेखों का वाचन के साथ लघुकथाओं का पाठ किया गया, जिसमें पंजाब से आये लघुकथाकारों नें बेहतरीन कथाओं का वाचन किया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## सेंट जेवियर्स कॉलेज में नामांकन के लिए पहली लिस्ट जारी

रांची (आजाद सिपाही)। सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में स्नातक के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन लेने के लिए कॉलेज वेबसाइट पर पहली लिस्ट जारी कर दी गयी है। जिन छात्रों ने बीए, बीएससी, बीकॉम के विभिन्न कोर्सों में ऑनलाइन फॉर्म भरा है, उन्हें विस्तृत जानकारी कॉलेज के वेबसाइट www.sxcran.ac.in पर जारी मेधा सूची से मिल सकती है। विद्यार्थी अपना कोड नंबर देख नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया संबंधी सारी सूचनाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं। नामांकन के लिए सबसे पहले विद्यार्थियों को कॉलेज के एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। अपना सही नाम, इमेल आइडी और मोबाइल नंबर भरें, क्योंकि इनको बाद में नहीं बदला जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के बाद व्यक्तिगत विवरण, शिक्षा और कोर्स भरे जायेंगे। इसके लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा का सर्टिफिकेट, स्कूल से जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, ट्रांसफर सर्टिफिकेट, आरक्षण का लाभ लेने के लिए उस केटेगरी के जरूरी प्रमाण पत्र का स्कैन कॉपी अपने साथ तैयार रखें। फर्स्ट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों की एडमिशन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है। जिन विषयों की प्रवेश परीक्षा ली गयी, उनकी मेधा सूची जल्द ही वेबसाइट जारी कर दी जायेगी। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर प्रदीप रॉबर्ट कुजूर, एसजे ने दी।

## 25 जून विश्व विटिलिगो दिवस पर विशेष : सफेद दाग छुआछूत की बीमारी नहीं

# ठीक हो सकता है सफेद दाग, छिपायें नहीं: डॉ सरोज राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सफेद दाग (विटिलिगो) बीमारी को हमारे समाज में आमतौर पर छुआछूत से जोड़ कर देखा जाता है। अज्ञानता की वजह से कुछ लोग इसे कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) भी समझ लेते हैं। कई बार सफेद दाग की वजह से मरीज और उसके परिवार को भी सामाजिक भ्रांतियों में पड़ कर नौकरी, शादी-विवाद आदि में परेशानी उठानी पड़ती है। विश्व विटिलिगो दिवस पर झारखंड की प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ सह कॉस्मेटिक सर्जन डॉ सरोज राय कहती हैं कि जब इंसान के शरीर में रंग बनानेवाली कोशिकाएं विपरीत अवस्था में कार्य करने लगते हैं, तो त्वचा पर सफेद दाग दिखायी देने लगते हैं। वर्षों पहले इसे श्वेत कुष्ठ माना जाता था। लोग मरीज से दूरी बनाना शुरू कर देते थे, जबकि यह



चर्मरोग विशेषज्ञ सह कॉस्मेटिक सर्जन डॉ सरोज राय।

गलत है। सफेद दाग छुआछूत की बीमारी नहीं है और न ही यह किसी तरह का कुष्ठ है। अगर मरीज जल्दी डॉक्टर के पास पहुंचता है, तो उसका पूरी तरह उपचार हो सकता है। सफेद दाग के प्रति इसी भ्रांति को दूर करने के लिए प्रतिवर्ष 25 जून को विश्व विटिलिगो दिवस मनाया जाता है। डॉ सरोज राय ने बताया कि पूरी दुनिया में 2 प्रतिशत और भारत में तीन से पांच प्रतिशत लोग इस बीमारी से ग्रसित हैं। 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 30 साल तक के लोगों में यह रोग ज्यादा पाया जाता है। यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। डॉ राय कहती हैं कि इस रोग को छिपायें नहीं, बल्कि जल्द से जल्द चिकित्सक को दिखायें. दवाओं और सर्जरी से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। डॉ राय का कहना है कि सफेद दाग त्वचा की ऑटो इम्यून बीमारी है, जिसका संबंध मेलेनिन नामक पिगमेंट से है, जो हमारी त्वचा के रंग के लिए जिम्मेदार है। मेलेनिन मेलेनोसाइट नामक कोशिका से बनता है. ऑटो इम्यून बीमारी में शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली इस कोशिका को नष्ट करने लगती है और मेलेलिन का बनना धीरे-धीरे बंद होने लगता है। शरीर के जिस स्थान पर यह असर करता है, वहां की चमड़ी सफेद होने लगती है, जिसे हम सफेद दाग, विटिलिगो अथवा ल्यूकोडर्मा के नाम से जानते हैं।

**संभव है इलाज :** दवा, सिंकाई, सर्जरी आदि से सफेद दाग को ठीक किया जा सकता है। शुरुआती दौर में खानेवाली दवा से इसे ठीक किया जाता है। पुराने मामलों में पंच ग्राफ्टिंग, स्किन ग्राफ्टिंग, मेलेनेसाइट ग्राफ्टिंग जैसे सर्जिकल उपायों की मदद ली जाती है। टैटू बना कर भी कुछ मरीजों के दाग छुपाये जाते हैं। अल्ट्रॉवायलेट-बी (यूवीबी) से सिंकाई, पीआरपी ट्रीटमेंट आदि से भी कई मरीजों को फायदा मिला है।


रजिस्ट्री सं.डी.एल.—33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.—डी.एल.अ—17022025—261107
CG-DL-E-17022025-261107
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3 उप—खण्ड (ii)
PART II-Section3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 826] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 17, 2025/माघ 28, 1946
No. 826] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 17, 2025/MAGHA 28, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2025

**का.आ. 830(अ)** — केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **966 तारीख 29 February 2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के रामगढ जिले के गाँव– तालुक–माण्डू और गाँव–रकुवा (4), लिपिया (3), तालुक–गोला मे Greenfield Highway के कि.मी. 325.95 से कि.मी. 354.8 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"07.03.2024"** को **"टाईम्स सिटी"** और **"आजाद सिपाही"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के रामगढ जिले के गाँव– तालुक–माण्डू और गाँव–रकुवा (4), लिपिया (3), तालुक–गोला मे Greenfield Highway के कि.मी. 325.95 से कि.मी. 354.8 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

**[फा.स. 11015/5/PD/DHN/3D]**
**अभय जैन, निदेशक**

**जिलाः रामगढ**
https://egazette.gov.in
**प्रकाशन तिथि:** 17.02.2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

**नोटः**— इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# पाकिस्तान फिर हुआ बेनकाब

एनआइए की जांच ने पाकिस्तान के इस झूठ की पोल खोल दी है कि पहलगाम आतंकी हमले में उसका हाथ नहीं था। अब तो इस बात के सबूत हैं कि सीमा पार इस हमले की साजिश ही नहीं रची गयी, आतंकवादी भी वहां से आये थे और उन्हें पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट का पूरा सपोर्ट था। इस खुलासे से पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष मजबूत हुआ है।

**आतंकियों के साथ पाकिस्तान :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पाकिस्तान से आये लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पनाह दी थी। इनमें से एक आतंकी की पहचान हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में हुई है, जो पाकिस्तानी सेना में पैरा कमांडो रह चुका है। माना जा रहा है कि सेना ने मूसा को इस आतंकी मिशन के लिए ही लश्कर को दिया था। इससे एक बार फिर यह साबित होता है कि आतंकवाद पाकिस्तानी सेना की रणनीति का एक हिस्सा है और वह आतंकियों के साथ मिलकर काम करती है।

**कार्रवाई सही साबित हुई :** भारत का शुरू से कहना रहा है कि पहलगाम में पाकिस्तान शामिल है। उसके सेना प्रमुख असीम मुनीर के इशारे पर यह घिनौनी वारदात हुई। यह खुलासा भारत के उन कदमों को सही ठहराता है, जो उसने पहलगाम के बाद उठाये थे - सीमा पार मौजूद आतंकी ढांचों को ध्वस्त करना और सिंधु जल समझौते का निलंबन।

**भारत का शुरू से कहना रहा है कि पहलगाम में पाकिस्तान शामिल है। उसके सेना प्रमुख असीम मुनीर के इशारे पर यह घिनौनी वारदात हुई। यह खुलासा भारत के उन कदमों को सही ठहराता है, जो उसने पहलगाम के बाद उठाये थे - सीमा पार मौजूद आतंकी ढांचों को ध्वस्त करना और सिंधु जल समझौते का निलंबन।**

**दबाव बनाये भारत :** टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली एजेंसी एफएटीएफ ने भी कुछ दिनों पहले कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने के लिए भारत अपनी बात मजबूती से रख सकता है। साथ ही, इससे पाकिस्तान पर लश्कर प्रमुख हाफिज सईद समेत उन आतंकियों पर कार्रवाई करने का भी दबाव बनाया जा सकता है, जिसे उसने अपने यहां छिपा रखा है।

**चौतरफा घेरने का मौका :** संसद पर हमला हो, मुंबई अटैक या फिर पठानकोट - हर बार पाकिस्तान की संलिप्तता सामने आयी और इसके बावजूद उसने अपना टेरर अजेंडा नहीं छोड़ा। ऐसे में यह उम्मीद नहीं कर सकते कि पहलगाम मामले में वह सच को सहजता से स्वीकार कर लेगा या अपनी आदत बदल देगा। हां, इस मौके का इस्तेमाल उसे घेरने और अमेरिका जैसे देशों की आंखें खोलने के लिए कर सकते हैं, जिन्हें अब भी पाकिस्तान पर भरोसा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज भारत की औसत विकास दर 6.5% है, और नॉमिनल जीडीपी 330 ट्रिलियन को पार कर चुकी है। जीएसटी संग्रह लगातार दो महीने 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। यह आर्थिक आत्मबल अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गांवों, छोटे कस्बों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचा है। डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने-बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गांव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है।**

# नये भारत की नयी कहानी: ग्रोथ मार्केट से ग्रोथ इंजन तक



गिरिराज सिंह



**आज भारत को डब्ल्यूटीओ और डब्ल्यूटीएफ जैसे वैश्विक संस्थान केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में देख रहे हैं। यह उस समर्पित प्रयास का परिणाम है, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, योजनाओं और नागरिकों की सहभागिता से संभव हुआ है।**

एक राष्ट्र की प्रगति केवल उसके आर्थिक सूचकांकों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उस विकास से आम जनजीवन में कितनी गरिमा, अवसर और आत्मबल का संचार हुआ है। जब हम आज भारत की ओर देखते हैं, तो यह केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक जाग्रत समाज की तस्वीर है, जो आगे बढ़ना जानता है, जो अपने अतीत से सीखता है और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ रहा है।

मेरे लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 7.4% रही, एक आकंड़ा मात्र नहीं है। यह उस किसान की मेहनत का सम्मान है, जिसने आधुनिक तकनीक को अपनाकर पैदावार बढ़ायी। यह उस महिला उद्यमी की कहानी है, जिसने स्वयं सहायता समूह से यात्रा शुरू कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद दुनिया तक पहुंचाये। यह उस युवा इंजीनियर का आत्मविश्वास है, जिसने मेक इन इंडिया के अंतर्गत नौकरी ढूंढ़ने के बजाय नौकरी देने वाला बना।

**भारत में गरीबी दर 2011-12 के 29.5% से घट कर आज 9.4% रह गयी है।**

आज भारत की औसत विकास दर 6.5% है, और नॉमिनल जीडीपी 330 ट्रिलियन को पार कर चुकी है। जीएसटी संग्रह लगातार दो महीने 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। यह आर्थिक आत्मबल अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गांवों, छोटे कस्बों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचा है।

डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने-बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गांव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है। आज यूपीआइ के जरिए 25 ट्रिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन हो चुके हैं। यह डिजिटल समावेशन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण का नया अध्याय है।

भारत ने वैश्विक व्यापार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है।

केवल अप्रैल 2025 में ही भारत से 3 मिलियन आईफोन एक्सपोर्ट हुए, चीन से तीन गुना ज्यादा। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल बाजार नहीं, ग्लोबल वैल्यू चेन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है।

बीते दशक में भारत में 500 बिलियन से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आया है, जो इनोवेशन, रोजगार और आत्मनिर्भरता के नये द्वार खोल रहा है।

हमारे किसान भी इस बदलाव के सशक्त भागीदार बने हैं। आज 51 मिलियन किसानों के पास डिजिटल किसान आइडी है, जिससे उन्हें उनकी भूमि, फसल और योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल मंडियां और आत्मनिर्भर कृषि मिशन जैसे प्रयासों ने उन्हें सहयोगी नहीं, सहभागी बनाया है।

भारत में गरीबी दर 2011-12 के 29.5% से घट कर आज 9.4% रह गयी है। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि अत्यंत गरीबी अब मात्र 5.3% रह गयी है। इस परिवर्तन में उस ग्रामीण परिवार की कहानी छिपी है, जिसके बच्चे पहली बार स्कूल गये, जिसने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को नजदीक पाया, और जिसने आत्मनिर्भरता को अपनी पहचान बनाया।

इंफ्रास्ट्रक्चर में भी भारत ने नयी ऊंचाइयां छुई हैं।

आज भारत एक साल में 1,600 इंजन बना कर विश्व का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निर्माता है। ऊर्जा क्षेत्र में 49% क्षमता अब नवीकरणीय स्रोतों से है। भारत अब सस्टेनेबल विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) जैसे क्षेत्रों में भी भारत की क्षमता को वैश्विक मान्यता मिल रही है। ओपेनएआइ जैसी संस्थाओं ने भारत में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय अकअकादमी शुरू की है, यह हमारे युवाओं की प्रतिभा और संभावनाओं में भरोसे का प्रमाण है।

नए भारत की विकास यात्रा में टेक्सटाइल सेक्टर भी एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है।

तकनीकी वस्त्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना एक-दूसरे के पूरक बनकर कार्य कर रही हैं। एनटीटीएम के तहत 510 करोड़ की सहायता से 168 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गयी है। वहीं, टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों पर लाने के लिए देशभर में 7 पीएम मित्रा पार्क स्थापित किये जा रहे हैं, जहां पूरी वैल्यू चेन को प्लग-एंड- प्ले मॉडल पर काम करने की सुविधा मिलेगी। यह क्षेत्र अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और निर्यात का नया प्रतीक बन चुका है।

आज भारत को डब्ल्यूटीओ और डब्ल्यूटीएफ जैसे वैश्विक संस्थान केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में देख रहे हैं। यह उस समर्पित प्रयास का परिणाम है, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, योजनाओं और नागरिकों की सहभागिता से संभव हुआ है।

मैं दृढ़ता से मानता हूं कि यह यात्रा केवल सरकार की नहीं, हर भारतीय की है। हमारे सामने आज जो उपलब्धियां हैं, वे उस संकल्प का परिणाम हैं जिसने हर गांव, हर परिवार और हर नागरिक को जोड़ा। भारत आज एक विकल्प नहीं, एक प्रेरणा है, आत्मनिर्भरता की, समावेशिता की और वैश्विक नेतृत्व की। जब हम अमृतकाल में विकसित भारत @2047 की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक सपना नहीं, एक साझा संकल्प है और मुझे विश्वास है इस संकल्प की सिद्धि का समय अब दूर नहीं।

**(लेखक : वस्त्र मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं का चारों प्रखंड कार्यालय पर हल्ला बोल

# झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार पर जमकर बोला हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड की झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों के पेंशन, किसानों के बकाये राशि, बेरोजगारी, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आयी है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने महानगर अंतर्गत जमशेदपुर, पोटका, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश-प्रदर्शन कर जम कर हल्ला बोला। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 22 मंडलों के हजारों कार्यकर्ताओं ने करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए एवं नारेबाजी किया एवं सरकार पर हमला बोला। इस दौरान व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिज संपदाओं की लूट, ध्वस्त विधि व्यवस्था एवं प्रखंड कार्यालय में हो रहे विभिन्न जनसमस्याओं एवं अन्य मुद्दों के साथ जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों और जनहित की प्रमुख समस्याओं को दर्शाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर समुचित निदान की मांग की. आक्रोश-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति और नीयत दोनों में जनहित का अंश नहीं दिखता। यह सरकार सिर्फ घोषणाओं और झूठे सपनों की राजनीति करती है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। आज पूरे प्रदेश में ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, खनिज संसाधनों की लूट, हत्या, बलात्कार, और अपराधियों का राज कायम हो चुका है। आमजन असुरक्षित है, बहन-बेटियां डरी-सहमी हैं और अपराधी बेखौफ अपराध कर रहे हैं. कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाएं बदहाल हैं। स्कूलों में शिक्षक, अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं है।

ईलाज और एम्बुलेंस के अभाव में गरीब दम तोड़ने को मजबूर हैं। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना को ठप्प कर सरकार ने गरीब जनता की पीठ में छुरा घोंपा है। आज गरीबों के वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन महीनों से बंद हैं। महिलाएं मईयां सम्मान राशि के नाम पर ठगी जा रही हैं। किसानों को धान के नाम पर छलावा मिला है। खेती का समय सिर पर है और किसान अपने पैसे के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री संजीव सिंह व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मनोज सिंह, अनिल सिंह, नीरज सिंह, बबुआ सिंह, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, संजीव सिंह, शांति देवी, संजीव कुमार, कृष्णा शर्मा काली, सुबोध झा, प्रेम झा, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, अमित अग्रवाल, नीतीश कुशवाहा, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, सागर राय, प्रदीप मुखर्जी, रमेश बास्के, सुमित शर्मा, किशोर ओझा, राम सिंह मुंडा, अमित मिश्रा, आनंद कुमार, अश्विनी तिवारी, हन्नु जैन, पप्पू उपाध्याय, विकास शर्मा, जीवन साहू, बबलू गोप, सूरज सिंह, युवराज सिंह, बजरंगी पांडेय, अजीत सिंह, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, बिनोद राय, रविंद्र सिसोदिया, पवन सिंह, दीपक पाल, सूरज साह, संदीप शर्मा बौबी, सतवीर सिंह सोमू, धनुर्धर त्रिपाठी, बिनानंद सिरका, अशोक सामंत, ममता भूमिज, गणेश मुंडा, मारुतिनंदन पांडेय, लखी कौर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनजातीय बहुल गांवों में लगा शिविर, ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन के पहल पर धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजातीय बहुल गांवों में ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में उत्साह के साथ सैकड़ो ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। लोग आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों में पहुंचे,जहा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम पंक्ति के पात्र लाभुकों तक पहुँचाया गया।जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित अलग अलग 20 शिविरों में 250 से अधिक आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की गई।मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन योजनाएं, उज्ज्वला योजना, नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि योजनाओं



का लाभ लोगों को उपलब्ध कराया गया। साथ ही आधार लिंकिंग, बैंक खाता खोलना, स्वास्थ्य जांच,पेंशन सत्यापन, आवास जांच, मतदाता पहचान पत्र अपडेट जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं दी गई।डीसी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों, सीएससी ऑपरेटरों, बीसी और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर शिविरों का संचालन सुचारू रूप से किया गया। स्वास्थ्य,समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, खाद्य आपूर्ति, कृषि और मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं से भी ग्रामीणों को जोड़ा गया।जिला प्रशासन का प्रयास है प्रत्येक अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में हर एक परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके। ह्लधरती आबा जनभागीदारी अभियानह्व सरकार की जनकेंद्रित योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की दिशा में एक प्रभावी पहल बनकर उभर रही है।

### जलजमाव को लेकर समीक्षा बैठक

# अब नाला आधारित जलनिकासी योजना पर ध्यान दें : सरयू राय





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों हुई बारिश के कारण जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न जलजमाव की समस्या को लेकर विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में मिलानी हॉल बिष्टुपुर में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को बैठक में एनडीए से जुड़े नेतागण, कार्यकर्ता, जनसुविधा प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।बैठक में नाली-सड़क निर्माण की गड़बड़ी,कचरा प्रबंधन की विफलता,स्विस गेट की खराबी, और प्रशासनिक निष्क्रियता को जलजमाव का मुख्य कारण बताया गया।विधायक सरयू राय ने कहा अगर इंफ्रास्ट्रक्चर सही होता तो बारिश का पानी सुगमता से निकल सकता था। उन्होंने मांग की पारडीह से बालीगुमा तक एक बड़ा नाला बने,छोटी नालियों की क्षमता बढ़े और नगर निगम 50 साल की वर्षा का औसत निकालकर जलनिकासी की योजना बनाए।विधायक ने कहा अनेक ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनका प्रस्ताव कई माह पहले ही बना कर भेज दिया गया लेकिन उनकी प्रशासनिक स्वीकृति अब तक नहीं मिली।जिसके कारण लोगों को बारिश में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिन्हा ने कहा आदर्श नगर में जल जमाव सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने सुझाव दिया एक नाली का निर्माण होना चाहिए, जो सीधे नदी तट तक जाए। नाली का प्रस्ताव पहले से है लेकिन बन नहीं पा रही है। क्योंकि जहां नाली का इंड होना है उस स्थान को बंद कर दिया गया। इसलिए जलजमाव से आदर्शनगर के लोगों को कोई निजात नहीं मिली,उल्टे इस बार परेशानी और ज्यादा बढ़ गई। जदयू नेता आशुतोष राय ने 2017-18 में बने डीपीआर की अनदेखी को भारी भूल बताया। उन्होंने कहा यदि उस योजना पर काम हुआ होता तो जलजमाव की यह स्थिति नहीं आती।मौके पर वरिष्ठ नेताओं में नीरज सिंह, संजीव सिन्हा, कुलविंदर पन्नू और ललन ने अपना सुझाव देते हुए नाली का डिजाइन बदले,स्विस गेटों का रखरखाव में सुधार,जलनिकासी में बाधक अवरोध हटाने और हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करने की मांग की। बैठक का संचालन जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने की।मौके पर आशुतोष राय,जनसुविधा प्रतिनिधि नीरज सिंह, उच्च शिक्षा जनसुविधा प्रतिनिधि पवन सिंह, अजय श्रीवास्तव, भीम सिंह, संजय तिवारी, रवींद्र सिंह सिसौदिया, अमरेंद्र मलिक, ललन चौहान, उषा यादव, मल्लू सिंह, लालू गौड़, रवि गोराई, मंजू सिंह, रविशंकर सिंह, संजय रजक, अंजन सरकार, प्रवीण सिंह, विकास साहनी, ममता सिंह, पिंटू सिंह, रवि ठाकुर, संतोष भगत, तारक मुखर्जी, अतुल सिंह, आदित्य मुखर्जी, रिक्की केशरी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ गढ़वा के सभी प्रखंडों में भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन

# राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त : घूरन राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** राज्य में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर और कोयला की लूट, बेरोजगारी तथा सरकारी योजनाओं की विफलता को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद घूरन राम के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सीओ यशवंत नायक को उपायुक्त गढ़वा के नाम 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद घूरन राम ने अबुआ राज के बबुआ मुख्यमंत्री को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पलामू के साथ नियोजन नीति और भाषा विवाद में उलझा कर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, इस पर भाजपा हाथ पर हाथ रख कर बैठने वाला नहीं है। खनिज संपदा वाला अमीर राज्य की जनता आज भी पलायन के लिए विवश है। माइयां सम्मान योजना में भी दोहरी नीति अपनाया जा रहा है। मोदी सरकार गरीबों के लिए जो अनाज दे रही है उसमें भी यहां घोटाला किया गया है, जिसका पदार्फाश यहां के विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने विधानसभा में करने का काम किया है। पूर्व सांसद ने जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी और कर्मचारी को सचेत और सावधान करने आया हूं कि सरकार आते जाते रहती है, आप निष्पक्ष होकर जनता के हित में काम करें, अन्यथा हवालात में जाने के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम को भाजपा नेता विनय कुमार चौबे आदि ने भी संबोधित किया। रोषपूर्ण प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मनोज जायसवाल, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, ब्रजेश उपाध्याय, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रामाकांत गुप्ता, विनोद तिवारी, गायत्री देवी, विंदा देवी, उपेंद्र गुप्ता, शिवकुमार चौधरी, विनय चौधरी, रुपू महतो, चंद्रमणि पाठक, कंचन पांडे, धनंजय शर्मा, विकास दुबे, अनुज विश्वकर्मा, राम जी कुशवाहा, खुर्शीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।




### सीओ को डीसी के नाम मांग पत्र सौंपा

मांग पत्र में विधि व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित कराने, अपराध वाले थाना क्षेत्र में थानेदार को जिम्मेवार ठहराने, किसानों के धान बकाया पैसा का भुगतान कराने, किसानों के लिए खाद बीज की व्यवस्था बिना कालाबाजारी के सुनिश्चित करने, समय सीमा के भीतर भ्रष्टाचार और विचौलिया मुक्त प्रमाणपत्र बनाने, अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा नियमावली लागू करने, आगनवाड़ी केंद्रों में पोषण युक्त सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पेंशन का भुगतान कराने, विद्यालयों में शिक्षकों और अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने, बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों को चिन्हित कर उसे राज्य से बाहर भेजने सहित 15 सूत्री मांग पत्र शामिल है।

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों ने धरना दिया




**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश भाजपा के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में गढ़वा प्रखंड कार्यालय पर सरकार के विरोध में सरकार की गिरती कानून व्यवस्था पर पूरे जिला में हत्या, लूट, दुष्कर्म और भ्रष्टचार के खिलाफ प्रखंड कार्यालय पर सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर सरकार के विरोध में नारेबाजी किया गया। नियुक्त दंडाधिकारी को उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और उनसे मांग की गयी। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि यह सरकार चुनाव में जो घोषणा करके आई है लोगों से वोट ली है, वैसा काम नहीं कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि यह सरकार सिर्फ चुनाव के समय जनता को गुमराह कर वोट लेने का काम किया और लॉलीपॉप दिखाने का काम किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि इस सरकार में सारी व्यवस्था भ्रष्ट हो चुकी है। युवाओं को भाषा के नाम पर ठगने का काम कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा मुरली श्याम सोनी राजकुमार मद्धेशिया, दशरथ पासवान, डॉ पतंजलि केसरी, पांडे रितेश दुबे, सत्येंद्र सोनी, जयंत पांडेय, लक्ष्मी पांडेय, धनंजय गोंड, परीक्षित तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा से नसरुद्दीन अंसारी, बाबू शेख सहानुल्ला अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डंडइ के दो निजी विद्यालय की मान्यता होगी रद्द, जांच में मिली थी अनियमितता

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड मुख्यालय में संचालित दो निजी विद्यालय सृजन पब्लिक स्कूल और होली फेथ पब्लिक स्कूल को गढ़वा जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने चिट्ठी जारी कर आरटीई एक्ट अर्हता को लेकर स्पष्टीकरण के साथ साक्ष्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जारी चिट्ठी के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक ने लिखा है कि 5 अप्रैल 2025 को डंडई प्रखंड मुख्यालय में संचालित होली फेथ पब्लिक स्कूल और सृजन पब्लिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त दोनों विद्यालय के द्वारा आरटीई का किसी भी शर्त का पालन नहीं किया जा रहा है। होली फेथ पब्लिक स्कूल भाड़े के मकान में चल रहा है एवं सृजन स्कूल एलवेस्टस के कमरों में संचालित है। किसी भी स्थिति में दोनो विद्यालय मान्यता के आहर्ता नही रखता है। फर्जी तरीके से इन दोनो विद्यालयों के द्वारा मान्यता प्राप्त कर ली गयी है जो गलत है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने दोनो स्कूल के प्राचार्य को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विद्यालय का मान्यता से संबंधित सभी अभिलेख एवं साक्ष्य एक सप्ताह के अंदर स्थिति स्पष्ट करना सुनिश्चित करेंगें। अन्यथा की स्थिति में दोनो विद्यालयों का मान्यता रद्द करने हेतु जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति, गढ़वा के समक्ष प्रस्ताव भेज दी जायेगी। जिला शिक्षा अधीक्षक जारी चिट्ठी की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर, निर्देशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड रांची तथा जिले के उपायुक्त को दिया हैं।

## पेशका को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर आज समाहरणालय के समक्ष ग्रामीण देंगे धरना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेशका को प्रखंड का दर्जा दिलाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर कल पेशका प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सुबह 11 बजे जिला समाहरणालय गढ़वा के समक्ष एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया है। संघर्ष समिति के अनुसार, प्रस्तावित पेशका प्रखण्ड में मेराल प्रखण्ड के तीन पंचायत - दुलदुलवा, चामा और तिसरटेंटूका, तथा डंडई प्रखण्ड के दो पंचायत - झोतर और तसरार शामिल हैं। ये पांचों पंचायत मिलकर एक पूर्ण प्रखंड की संरचना को पूरा करते हैं। इन पंचायतों को मिलाकर प्रस्तावित पेशका क्षेत्र पूर्ण प्रखंड के लिए उपयुक्त माना गया है। समिति के अध्यक्ष करीब अंसारी ने बताया कि मेराल को प्रखंड बनाये जाने से पूर्व पेशका क्षेत्र से ही प्रखंड संचालन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन बाद में किसी कारणवश मेराल को प्राथमिकता दे दी गयी। उल्लेखनीय है कि मेराल को प्रखंड का दर्जा मिलने से पहले पेशका क्षेत्र से ही प्रखंड संचालन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन किन्हीं कारणोंवश उस समय पेशका को दरकिनार कर मेराल को प्रखंड बना दिया गया। इसके बाद से ही पेशका क्षेत्र के लोग लगातार प्रखण्ड की मांग करते आ रहे हैं। धरना कार्यक्रम के दौरान संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक मांग पत्र उपायुक्त, गढ़वा के माध्यम से सौंपा जायेगा।

## कांडी में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का जन आक्रोश प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को कांडी प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जन आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कांडी व हरिहरपुर मंडल के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और सरकार विरोधी नारे लगाये। प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान बीडीओ की गैरमौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त गढ़वा के नाम संबोधित ज्ञापन प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू को सौंपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी एवं शशिरंजन दुबे ने किया, जबकि कार्यक्रम के प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, कांडी मंडल संयोजक पप्पू पांडेय और हरिहरपुर मंडल संयोजक निर्मल विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## धुरकी में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड इकाई भाजपा ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर सरकार और सरकार के रवैया को देखते हुए भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा नेता मंगल यादव, नेता संजय सिंह, रीना देवी, रंजीत कुमार, अरुण सिंह, अक्षय कुमार, अरविंद यादव, मनोज सिंह, रामप्रवेश गुप्ता, रामप्रवेश यादव, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सगमा में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल के द्वारा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त के नाम चौदह सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा। सगमा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेंट्रल बैंक मोड़ से नाराबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जिला के पूर्व महामंत्री सह सगमा प्रभारी इंद्रमणि जयसवाल ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन जनता को हसीन सपना दिखाकर दुबारा सत्ता हासिल किया है, मगर चुनाव में किया गया एक भी वादा को पूरा नहीं कर पायी है। राज्य में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, धर्मजित यादव, शखीचंद प्रजापति, बबलू ठाकुर, रामप्रताप यादव, धर्मेंद्र प्रसाद यादव, रविरंजन यादव राजेंद्र प्रसाद यादव, अजय प्रसाद यादव, परशु यादव, दुलार प्रजापति, राजेश बैठा, राजेंद्र ठाकुर चंदन ठाकुर दिनेश शर्मा दिनेश भुइयां, निर्जय, राजेश, रामेंद्र, अशोक समेत अन्य उपस्थित थे।

## भंडरिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल




**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** राज्य व प्रखंड स्तरीय भष्ट्राचार के विरुद्ध मंगलवार को भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आक्रोश रैली निकाला गया। रैली के उपरांत भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा के द्वारा राज्यपाल के नाम पांच सुत्री मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें जमीन ऑनलाइन में भारी गड़बड़ी, अबुआ आवास के नाम पर भ्रष्टाचार अन्य का लिखित आवेदन भंडरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को सौंपा गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सासंद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि विरझु सिंह, भुषण सिंह, विनय, विजय, सत्यनारायण गुप्ता, अनिल केशरी, विरेंद्र सिंह, अवधेश, अनंत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विशुनपुरा में भाजपा ने किया आक्रोश-प्रदर्शन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की नीतियों और कार्यशैली से नाराज भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को विशुनपुरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा मंडल विशुनपुरा द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, बिजली-पानी की लचर आपूर्ति, अवैध बालू-पत्थर-कोयला खनन, पीएम किसान योजना में अनियमितता और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर तीखा विरोध दर्ज कराया है। प्रदर्शन के पश्चात भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, भाजपा नेता कृष्णा विश्वकर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित और उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने किया। इस मौके पर जगदीश चंद्रवंशी, मंटू पांडेय, रामलखन मेहता, लखनदेव शर्मा, मंदीप मेहता समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फिल्म अभिनेत्री आंचल मुंजाल के हाथों पटना में सम्मानित होंगे शौकत खान

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अपने निस्वार्थ सेवा कार्यों से अपने जिला गढ़वा राज्य झारखंड और अपने देश भारत को गौरवान्वित करने वाले राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान हिन्दी फिल्म कि मशहूर अभिनेत्री और सुपर हीट फिल्म पुष्पा टू कि अभिनेत्री आंचल मुंजाल के हाथों 29 जून को आईकॉनिक ब्रांड ऑफ भारत सम्मान 2025 से नवाजे जायेंगे।

## कर्पूरी चौक के समीप दशकों पुरानी पुल काफी जर्जर, बड़े हादसे को दे रही निमंत्रण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** कर्पूरी चौक के समीप दशकों पुरानी पुल काफी जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है। उक्त जर्जर पुल कभी भी किसी बड़े हादसे को आमंत्रित करने लगी हुई है। जबकि उसी रास्ते से आने जाने वाले जवाबदेह प्रशासनिक कुनबा देख कर भी अनजान बनी हुई है। कर्पूरी चौक मुख्य मार्ग स्थित इस पुल से केतार, टाउनशिप, कांडी के लिए प्रतिदिन छोटी बड़ी सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। क्षेत्रीय विधायक और सांसद के साथ-साथ शासन और प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त पुल को ठीक करने में अविलंब दिलचस्पी नहीं दिखायी, तो यह किसी भी वक्त बड़ी हादसे का गवाह बन सकता है।17

## आपसी विवाद में दंपति ने खाया जहर पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** आपसी विवाद को लेकर पति पत्नी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना में पत्नी की मौत हो गयी। जबकि पति की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामला विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चितरी गांव का है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह चितरी गांव निवासी लक्ष्मण रजवार के 30 वर्षीय पुत्र रामबली रजवार और उसकी पत्नी सबिता देवी ने अपने तीन वर्षीय और चार माह की पुत्री के साथ कमरे में बंद होकर केला के साथ कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जब बच्चे ने देखा कि मां और पिता उल्टी कर रहे है, तब हल्ला मचाने लगे। आसपास के लोगों ने आकर दरवाजा तोड़ कर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने सबिता देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके पति की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव निवासी आलोक पासवान पिता गुदाडी पासवान के विरुद्ध न्यायालय गढ़वा द्वारा जारी इश्तिहार की मंगलवार को विधिसम्मत तामिली की गयी। जानकारी के अनुसार, उक्त अभियुक्त कांडी थाना कांड संख्या 144/2021 के तहत दर्ज मामले में नामजद हैं। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अभियुक्त उपस्थित नहीं होता है, तो न्यायालय द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## रक्तदान कर बचायी मरीज की जान




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान और राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया। ज्ञात हो कि पाटन थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी पुष्पलता कुमारी एवं नगर ऊंटरी के रक्शा गांव के संतोष यादव को रक्त की आवश्यकता थी। दोनों एनेमिया से पीड़ित थे। रक्त की कमी से जूझ रहे मरीज को कचहरी रोड निवासी संतोष कुमार एवं एकल विद्यालय के गढ़वा अभियान प्रमुख जितेंद्र यादव ने रक्तदान कर जान बचायी। मौके पर एकल अभियान के पलामू जिला प्रमुख विनय उरांव, दिनेश उरांव, आनंद उरांव एवं ब्लड बैंक के प्रदीप कुमार, रूप देव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# डंडइ प्रखंड में बेटियों को चाहिए डिग्री कॉलेज

## डिग्री कॉलेज खोलने की वर्षों से हो रही मांग नहीं हुई पूरी, पढ़ाई के लिए मजबूरी बन रही दूरी

**गढ़वा या श्री बंशीधर नगर के कॉलेज में नामांकन लेने पर प्रत्येक दिन सौ से दो सौ रुपये लगता है भाड़ा**

जितेंद्र कुमार यादव

**डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई प्रखंड में एक भी डिग्री कालेज नहीं है। यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इंटर के बाद छात्र-छात्राओं को या तो पढ़ाई छोड़नी पड़ती है या फिर दूर-दराज के कॉलेजों में जाना पड़ता है। प्रखंड के छात्रों को प्रखंड मुख्यालय डंडई से 30 से 35 किमी दूर श्री बंशीधर नगर या फिर 28 से 30 किमी दूर जिला मुख्यालय गढ़वा स्थित कालेजों में डिग्री की शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है। साधन संपन्न परिवार अपने बच्चों को रांची, पटना व अन्य जगहों पर रखकर डिग्री की शिक्षा दिला देते हैं। लेकिन, गरीब परिवार के छात्रों को डिग्री की शिक्षा हासिल करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। छात्राओं को और अधिक परेशानी का सामना करता पड़ता है। अगर प्रखंड में डिग्री कालेज की स्थापना सरकारी स्तर पर हो जाती, तो प्रखंड के बच्चे भी डिग्री की शिक्षा ग्रहण कर अच्छे पदों पर नौकरियों के लिए आवेदन कर पाते।

बड़ा मुद्दा

### प्रति वर्ष लगभग पांच से सात सौ बच्चे पास करते है इंटर की परीक्षा

डंडई प्रखंड में तीन इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थान है। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लवाहीकला, प्लस टू उच्च विद्यालय जरही, कस्तूरबा विद्यालय डंडई । इन विद्यालयों से प्रति वर्ष लगभग पांच से सात सौ बच्चे इंटर पास करते हैं। इसमें बालिकाओं की संख्या लड़कों से अधिक होती है। इनमें समृद्ध घरानों के बच्चे रांची, पटना, हजारीबाग और वाराणसी के कालेजों की ओर डिग्री की शिक्षा प्राप्त करने के लिए रुख करते है। जबकि आधे से अधिक बच्चे गढ़वा, श्री बंशीधर नगर जाकर डिग्री की शिक्षा ग्रहण करते हैं। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राए इंटर के बाद पढाई छोड़ने को विवश हो जाते हैं। डिग्री कालेज से शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

### कॉलेज खोलने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं

डंडई प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग वर्षों से हो रही है। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डंडई प्रखंड मुख्यालय से मेराल, चिनिया तथा धुरकी प्रखंड की कुछ पंचायतों का सीधा जुड़ाव है। सरकारी कार्यों को छोड़कर बाजार, अस्पताल तथा शिक्षा के लिए डंडई से इनका जुड़ाव है। बढ़ती आबादी और कालेजों में घटती सीटों के कारण बच्चे उच्च और डिग्री की शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। जिला में सिर्फ दो एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय एवं मार्डन महाविद्यालय ही अंगीभूत कालेजों की श्रेणी में हैं। वहीं आधा दर्जन से अधिक महाविद्यालय निजी हैं जो अनुमति प्राप्त हैं।





‘डंडई की नौ पंचायतों की आबादी लगभग 90 हजार से अधिक हो चुकी है। प्रखंड में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।
-लालमुनि गुप्ता, सोनेहरा



डंडई में डिग्री कॉलेज की मांग पुरानी है। प्रशासन और जनप्रतिनिधि को इस पर विचार करने की आवश्यकता है।
-अलख निरंजन प्रसाद, डंडई



कई परिवार के बच्चे मजबूरीवश परिवार के साथ रहकर खेती व घरेलू काम में हाथ बाटते है। अगर यहां डिग्री कॉलेज होती तो समस्या दूर हो जाती।
-पप्पू यादव, रारो



डंडई में डिग्री कॉलेज नहीं रहने से मध्यमवर्गीय परिवार की छात्राओं को स्नातक करने में परेशानी होती है, जबकि लड़के बाहर जाकर पढ़ाई पूरी कर लेते हैं। डिग्री कॉलेज की स्थापना जरूरी है।’
-नीलकंठ सिंह, पचौर

## रंका में अधेड़ महिला का अधजला शव मिला

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार के किनारे पर स्थित कनहर नदी के बहाव से जमा हुए लकड़ी के कचरे से लगे पानी में मंगलवार के सुबह एक अज्ञात अधेड़ महिला का अधजला निर्वस्त्र शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**CIN:U40108JH2013SGC001702)**
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RANCHI
Kusai Colony, Doranda -834002, Ph No. 0651-2490467, Fax No – 0651-2490558
Eamil Id ranchicircle.ese@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | NIT No | Name of the works | Estimated Cost in Rs. | Earnest money to be deposited in Rs. | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs. | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 68/PR/JBVNL /25-26 | Construction of Sheet Shed for Loading / Unloading point and miscellaneous civil work at newly constructed TRW Khunti | 7,76,250.00 | 15600.00 | 1250.00+ GST extra 1450.00 | 60 Days |
| 2 | 69/PR/JBVNL /25-26 | Construction of Sheet Shed for Loading / Unloading point and miscellaneous civil work at newly constructed TRW Itki. | 9,18,510.00 | 18400.00 | 1250.00+ GST extra 1450.00 | 60 Days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 26.06.2025 at 11.00 AM to 10.07.2025 up to 03:00 PM |
| Last date and time for uploading of e-tender | 10.07.2025 up to 03:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 11.07.2025 at 3.30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | Deputy General Manager (T), Electric Supply Circle, Ranchi |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (0651-2490467) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder Shall be deposit online tender fee as mentioned above for cost of BOQ and EMD as per rule of e-tendering Portal (jharkhandtenders.gov.in)
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Deputy General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Ranchi

PR 355875 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

## झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

# राज्य में विधि व्यवस्था खराब, घर से निकलने से डरती हैं बहू-बेटियां: नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, आतंक, जंगलराज के खिलाफ भाजपा खूंटी ग्रामीण और नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को खूंटी प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन पाहन के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि लंबी-चौड़ी घोषणाओं का सपना दिखा कर फिर एकबार राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नीयत में कोई बदलाव नहीं आया है। अपने पिछले कार्यकाल में जिस प्रकार से राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट, पंचायत से लेकर सचिवालय-मंत्रालय तक लूट भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है, वह दूसरे कार्यकाल में और मजबूत हो रहा है। विधि व्यवस्था की हालत ऐसी कि कोई सुरक्षित नहीं। हत्या, लूट आम बात हो चुकी है। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे। बहन-बेटियां घर से निकलने से डरती हैं। दुष्कर्म, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर कर रही हैं। जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि आज विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं, लेकिन शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, दवाई नहीं, ऑक्सीजन, एम्बुलेंस के अभाव में गरीब मरने को मजबूर हैं। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष विनोद नाग, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, मंडल महामंत्री, विकास चौधरी, मंगा नाग, सुदर्शन भोगता, लीलू पाहन, राजेश महतो, राजेश नाग, रंदाय नाग, प्रशांत, लखिंदर नायक, मनोज गोप, चेपा मुंडा, टिबु नाग, दिनेश महतो, मनोज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार में डूबी हुई है सरकार : विनय महतो




आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार करने के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सिल्ली स्थित प्रखंड मुख्यालय के समीप विरोध आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज मौजूद थे। धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गयी है। विकास कार्य ठप हैं। अधिकारी अपने दायित्वों को सही से निभाएं अन्यथा भारतीय जनता पार्टी के विरोध के लिए तैयार रहें। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था लचर होना बहुत ही चिंता का विषय है। चुनाव के पूर्व में किये गए एक भी वादा को हेमंत सोरेन पूरा करने में विफल रही है। धरना प्रदर्शन को अंबुज रजक, भगीरथ महतो, ललित प्रसाद महतो, वासुदेव महतो, कर्ण महतो, शायन त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय उपायुक्त रांची के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर सृष्टिधर प्रजापति, साधुचरण महतो, हरिहर महतो, शैलेंद्र बड़ाईक, सुधीर साहू, राहुल कुमार महतो, रघुवीर महतो, वीणा देवी, साधुचरण महतो, स्नेहलता देवी, अमिता देवी, विंदेश्वरी देवी, हरेंद्र प्रमाणिक, गणेश गुप्ता, कैलाश महतो, रमेश चंद्र महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुरहू प्रखंड कार्यालय में किया विरोध प्रदर्शन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, घूसखोरी, कमीशनखोरी, आतंक और जंगलराज के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व मुरहू मंडल के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम बिहारी लाल एवं महामंत्री भुनेश्वर मांझी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार न तो जनता को सुरक्षा दे पा रही है और न ही रोजगार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने छह माह में अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। झामुमो और कांग्रेस ने जनता का धोखा दिया। मौके पर सुरेश प्रसाद, दुरजो कुम्हार, गोमेश्री पाहन, लक्ष्मण गोप, संतोष प्रसाद, शिरका हस्सा पूर्ति, बिरसा सोय, मंगरा मुंडा, लक्ष्मी गुप्ता, मांगो मुंडा, जगमोहन मुंडा, विशुन तांती, एतवा नायक, शुभम महतो आदि उपस्थित थे।

## गिरती कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ खलारी में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन




**खलारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल ने मंगलवार को झारखंड में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, व्यापक भ्रष्टाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू ने किया, वहीं भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज वाजपेयी एवं रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा ने किसानों की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए कहा कि धान क्रय के नाम पर किसानों को ठगा गया है। कुछ की खरीद हुई भी, तो अब तक उनका भुगतान नहीं हुआ है, जबकि फिर से खेती का मौसम आ गया है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने अपनी कार्य संस्कृति में सुधार नहीं किया और जनहित योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा, तो पार्टी जनभावनाओं के साथ राज्यव्यापी आंदोलन को मजबूर होगी। कार्यक्रम के अंत में खलारी अंचलाधिकारी को 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में मनोज वाजपेयी, प्रीतम साहू, जिप सदस्य सरस्वती देवी, अनिल कुमार गंझू, रामसूरत यादव, फूलेश्वर महतो, श्यामसुन्दर सिंह, विकास कुमार सिंह, भरत रजक, विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, शशि पांडेय, आनंद सिंह, चतुरगुण भुइयां, राजू गुप्ता, रितेश कुमार केशरी, अजीत पाण्डेय, शिवकुमार चौधरी, मिथिलेश प्रजापति, अभिषेक चौहान, गणेश महतो, तलेश्वर महतो, कुलदीप लोहरा, सुरेश, प्रदीप, तुलसी, सरोजनी देवी, सरोज देवी, संगीता देवी, ममता केशरी, नीरा देवी, सुबोध, मनोज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## यूपी और बिहार वालों को नौकरियां बेच रही है राज्य सरकार: कोचे मुंडा



**खूंटी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि अबुआ सरकार का खिावा करनेवाली राज्य की हेमंत सरकार 25 से 30 लाख रुपये में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को नौकरी बेच रही है। झारखंड के आदिवासियों के पास पैसे नहीं हैं, इसलिए यहां के लोग सरकारी नौकरियों से वंचित हैं। कोचे मुंडा राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ मंगलवार को तोरपा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है। भाजपा ने सरकार को छह महीने का समय दिया था, पर सरकार की कार्यशैली में न कोई सुधार हुआ और न कानून व्यवस्था की स्थिति बदली। उन्होंने कहा कि यहां की निकम्मी सरकार केंद्र सरकार द्वारा दी गयी राशि का भी उपयोग नहीं कर पा रही है। सभा को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, शशांक शेखर राय, दीपक तिग्गा, कृष्णा भगत, सुबोध गुप्ता, विनोद धान, गंदौरी गुड़िया, भागीरथ, रामानंद, रूपेश गुप्ता, मुकेश सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जिला प्रशासन को दी तीन एंबुलेंस

**खूंटी। (आजाद सिपाही)** सीएसआर के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जिला प्रशासन खूंटी को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में एमओयू समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त आर रॉनिटा (भाप्रसे) की अध्यक्षता में जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच सहयोगात्मक पहल पर औपचारिक सहमति बनी। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के निदेशक आरआर मौर्या और जिला प्रशासन की ओर से जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 25 रु लाख की राशि से तीन एम्बुलेंस प्रदान किए गए, जो जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक लाने के कार्य में सहायक सिद्ध होंगे। उपायुक्त ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस साझेदारी से जिले को सामाजिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए एक जीवनदायिनी सेवा साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, सिविल सर्जन डॉ एन मांझी, सीएसआर नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## पिपरवार में भाजपा का हल्ला बोल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के कई कार्यकर्ता मंगलवार को पार्टी के द्वारा आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हुए। इस संबंध में पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि झारखंड राज्य में भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने वर्तमान की झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, धनराज गुप्ता,अनिल कुमार पांडेय, रामलाल महतो सहित अन्य कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## भाजपा का सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ एवं कुकड़ू प्रखंड में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। इस आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री मधु गोराई ने किया। प्रदर्शन के दौरान कुकड़ू भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय तथा ईचागढ़ अंचल में भाजपाईयों ने ईचागढ़ सीओ दीपक प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गयी। भाजपा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## तमाड़ में भाजपा का आक्रोश मार्च निकाला सरकार पर लगाये अनियमितता के आरोप

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आक्रोश मार्च निकाला। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार मुर्दाबाद, भ्रष्टाचार बंद करो, बालू माफिया होश में आओ जैसे नारे लगाए। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के नाम पर सरकार ने महिलाओं को ठगने का कार्य किया है। भाजपा नेता दिलीप सेठ ने वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन और जमीन म्यूटेशन में घूसखोरी को सरकार की नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि बिना रिश्वत के कोई भी सरकारी कार्य नहीं हो पा रहा है। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरती कुजूर, प्रभारी लक्ष्मण सिंह मुंडा, वरिष्ठ नेता सह जिप सदस्य दिलीप सेठ, समरेंद्र मुखर्जी, राजेंद्र महतो, उदय महतो, चैतन सिंह मुंडा, सुखलाल महतो, शेखर सोनी, सुरेंद्र साहू, चंदन साहू, राहुल गिरि, असित अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रखंड में आक्रोश प्रदर्शन




**सोनाहातु/राहे (आजाद सिपाही)।** हेमंत सरकार के खिलाफ मंडल भाजपा ने मंगलवार को प्रदेशव्यापी प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रखंड मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला। सोनाहातु प्रखंड में बारेंदा मंडल के कार्यकर्ता और सोनाहातु मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, दिलेश्वर कोइरी, मंडल अध्यक्ष खगेश कुमार महतो, बारेंदा मंडल अध्यक्ष पदलोचन महतो, बानेश्वर महतो, उमेश महतो, उपेंद्रनाथ चौधरी, सदानंद महतो, शंकर भगत, भुनेश्वर महतो आदि मौजूद थे। इधर राहे प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में प्रदर्शन कर बीडीओ अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष मेघनाथ महतो, ज्योति प्रसाद कोइरी, रामधन महतो, दिलेश्वर महतो, मनोज, युधिष्ठिर, ज्ञानरंजन, लक्ष्मीकांत आदि मौजूद थे।

## आदर्श कॉलोनी चांडिल, मुखिया होटल में विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चांडिल डैम रोड स्थित आदर्श कॉलोनी में 2 सौ केबीए एवं मुखिया होटल में 1 सौ केबीए नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत फीता काट कर किया। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगाये जाने पर लोगों में हर्ष देखा गया और विधायक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बैद्यनाथ दुडू, काबलु महतो, दीपू जयसवाल, बोनू सिंह सरदार, राहुल वर्मा, धरमु गोप, डब्लू, दिलीप किस्कू, राजू किस्कू, विश्वनाथ गोप, नवीन पासारी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जारगोडीह नदी में डूबे युवक का शव 6 दिन बाद बरामद



मृतक की फाइल फोटो।

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जारगोडीह में 18 जून दिन बुधवार को स्वर्ण रेखा नदी में नहाते समय 32 वर्षीय मनखुशी महतो (पिता दुखु महतो) डूब गये थे। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन भी किया गया था, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला था। इसके बाद परिजनों के लिखित आवेदन पर ईचागढ़ थाना में सनहा संख्या 17/2025 दर्ज किया गया था। वहीं मंगलवार को नीमडीह थाना क्षेत्र के केंदाआंदा डैम के किनारे में उनका शव होने की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दिया। ईचागढ़ थाना की पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेजी है।

## एनके एरिया डकरा में कन्वेंशन 30 जून को



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑफिसर्स क्लब डकरा में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में एनके, पिपरवार, मगध - संगमित्रा, अम्रपाली - चंद्रगुप्त एवं रजहरा क्षेत्र के एचएमएस, एटक, सीटू एवं इंटक यूनियन से संबंधित यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जुलाई 2025 को होने वाले राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल के मुद्दे को लेकर मजदूरों मे पुरजोर प्रचार- प्रसार किया जायेगा। हड़ताल को बृहद स्तर पर सफल बनाने के लिए एनके एरिया डकरा ऑफिसर्स क्लब में 30 जून को मजदूर कन्वेंशन किया जायेगा। जिसमें शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। एनकेसीएल के पांचो एरिया से कम से कम 500 मजदूरों को कन्वेंशन में शामिल करवाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से जेएमएस से डीपी सिंह, रामेश्वर यादव, अभिताभ चौहान, अमरनाथ सिंह, जीतेंद्र कुमार, सीएमयू से विनय सिंह मानकी, रविन्द्र बैठा, आरकेएमयू से देवपाल मुंडा, युसी डब्ल्यू से प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान और आरसीएमएस इंटक से राहुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

## झाकोमयू डकरा इकाई का गठन प्रदीप अध्यक्ष और बिनोद सचिव बने



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की आवश्यक बैठक एन के एरिया डकरा यूनिट में हुई। बैठक एरिया संयोजक मंडली के सदस्य रंधु उरांव एवं बालमुकुंद पांडेय की देख रेख डकरा परियोजना यूनिट का कमिटी का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रंधु उरांव ने कहा कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का सीसीएल स्तर में एक अलग पहचान बनाने की आवश्यकता है। साथ ही बैठक में 9 जुलाई हड़ताल मे झाकोमयू बढ़ चढ़ भाग लेगा। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से डकरा परियोजना ईकाई का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रदीप राम, सचिव बिनोद गंझू को बनाया गया। इस बैठक में , नारायण गंझू, प्रदीप कुमार गंझू प्रदीप कुमार, रामदयाल उरांव, पवन मुंडा, बजरंग आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी लोहरा समाज की बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आदिवासी लोहरा समाज की एक बैठक प्रखंड परिसर में छोटू लोहार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दुमा तिर्की, राहुल बेसरा और संजय लोहार अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और अभिभावक उपस्थित हुए, जिन्होंने बताया कि लोहार जाति का प्रमाण पत्र अंचल पदाधिकारी सीओ तमाड़ द्वारा रांची डीसी के आदेश के बाद भी लोहार समुदाय को जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। बैठक के अतिथि ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय तथा उपायुक्त स्तर से अनेक पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर दिगंबर लोहार बुधन लाल लोहार, सुशील नाग, राहुल मिश्रा, लखविंदर लोहार, बिहारी लोहार, शिवानी कुमारी, उषा कुमारी, सन्यानी देवी, बसंती देवी, रमणी देवी, प्रभादेवी आदि महिला पुरुष शामिल थे।

## सांसद ने ग्रामीण विकास मंत्री से की मुलकात, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और खूंटी, तमाड़, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा और खरसावां विधानसभा क्षेत्रों की जमीनी समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सांसद मुंडा ने हाल ही में क्षेत्र में हुई भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ में स्थित पेलौल पुल के क्षतिग्रस्त होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आग्रह किया कि पुल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर आवागमन को बहाल किया जाए, ताकि ग्रामीणों को होने वाली असुविधा दूर हो सके। सांसद ने बताया कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सलगाडीह केनाल पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है और यह ग्रामीणों के लिए एकमात्र संपर्क मार्ग है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि इस मार्ग के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए और प्रक्रिया को जल्द धरातल पर उतारा जाए। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दियांकेल में लगा धरती आबा शिविर, कई मामलों का निष्पादन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचायत में मंगलवार को धरती आबा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। इसमें दियांकेल पंचायत के तीन जनजातीय बहुल गांवों से आवेदक शामिल हुए। शिविर में आधार कार्ड से संबंधित 60 मामलों का निष्पादन किया गया। उज्ज्वला योजना के 18, आयुष्मान कार्ड से संबंधित 58, मनरेगा के 32 आवेदन और राशन कार्ड से संबंधित 46 मामले निबटाये गये। पेंशन से संबंधित 46 मामलों का निबटारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 51 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाइयां दी गयीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम अपने पंचायत के ऐसे जनजातीय बहुल ग्रामों तक पहुंच रहे हैं जिसकी आबादी में 50 फीसदी से अधिक जनजातीय आबादी है और इसके माध्यम से सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं से लोगों को परिचित कराने के साथ ही उन्हें इस योजना से आच्छादित भी कर रहे हैं। मौके पर मंईयां सम्मान योजना के ऐसे लाभुक, जिनका खाता अभी भी आधार सीडिंग नहीं की गई है, उन्हें अपने बैंक में आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। शिविर में मुखिया शिशिर टोपनो, पंचायत सचिव नित्यानंद महतो, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमित कुमार, प्रभारी, कल्याण पदाधिकारी प्रेमनाथ कांशी आदि मौजूद थे।


## सोनाहातू में मांडू विधायक के खिलाफ फूटा गुस्सा, बाजार परिसर में पुतला दहन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो की कथित अमर्यादित भाषा के विरोध में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को सोनाहातू बाजार टांड़ परिसर में (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विधायक का पुतला दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व ठाकुरदास महतो ने किया। मौके पर रंजीत महतो, गदाधर महतो, मोहन सिंह मुंडा, सचिन खिरोधर, रविंद्र अभिराम, अशोक सिंह, कार्तिक, दुखहरण, दिगंबर, नीलकांत समेत कई बुद्धिजीवी और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विरोध जताया।

## जेएलकेएम ने आजसू विधायक निर्मल महतो का फूंका पुतला



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के द्वारा अत्यंत अमर्यादित भाषाओं को लांघते हुए घिनौना हरकतों के खिलाफ जेएलकेएम को चाहने वाले और कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य के हर चौक चौराहा में विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं जेएलकेएम ईचागढ़ विधानसभा के चौका मोड़ में भी विधायक तिवारी महतो का पुतला दहन कर टाइगर जयराम महतो को अमर्यादित गाली के खिलाफ विरोध किया गया। चौका बाजार में मशाल जुलूस के बाद केंद्रीय सचिव गोपेश महतो ने कहा कि हमारे झारखंड के वर्तमान में सबसे लोकप्रिय नेता और झारखंड के भविष्य जयराम महतो को गाली गलौज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर उपस्थित केंद्रीय, जिला, प्रखंड एवं अन्य समर्थक कृष्ण महतो, आदित्य महतो, मिराजुल अंसारी, पूर्णशशी, प्रेमचांद, सुरेश, राधे, कमलेश, सरोज, लालमोहन आदि के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# भाजपा का प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन

## महागठबंधन सरकार जनहित में नहीं, अपने स्वार्थ के लिए काम कर रही है: सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाजपा मण्डल बेड़ो व नरकोपी मण्डल के बैनर तले झारखंड सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर,कोयला की लूट और बेरोजगारी,जनता के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बीडीओ राहुल उरांव को उपायुक्त के नाम का 15 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया।

घेराव के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी से एक रैली निकाली। जो रांची गुमला मुख्य मार्ग होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। सभा में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सिर्फ आश्वासन एवं घोषणाओं की सरकार है। विकास का काम कागजी है। राज्य में बिजली संकट बढ़ी है। उन्होंने केंद्र सरकार आम जनता को हक व अधिकार देने में लगी है, लेकिन राज्य सरकार इसे अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा मार्च महीने में हुए ओलावृष्टि का अभी तक पैसा नहीं मिला है। वहीं लगातार हो रही वर्षा से मांडर विधानसभा क्षेत्र के किसान बर्बाद हो गये। सभा में कार्यक्रम प्रभारी राजीव रंजन अधिकारी, महादेव कुजुर,जतरु उरांव एवं मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने अपने विचार रखे। संचालन तेजू दास, धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया। वहीं मौके पर आलोक मिश्रा, मोती लाल गुप्ता, रंजन कुमार गुप्ता, कमलेश, आदित्य ताम्रकार, आनंद साहू, गणेश महथा, अरुण साहू, मनोज साहू, सुमंती देवी, राधा देवी मौजूद थीं।

## अनगड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं ने झारखंड सरकार की नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर हमला बोला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। यहां 6 वर्ष से भय भूख व भ्रष्टाचार चरम पर है, कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव आरती सिंह ने कहा कि राज्य में सभी विभागों में बगैर लेन देन के कोई काम नहीं होता है। झारखंड सरकार में व्याप्त अनियमितता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लगातार संघर्षरत और पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, मनोज कुमार चौधरी, रामसाय मुंडा, बुधराम बेदिया, संजय नायक, नरेश साहू, रामनाथ महतो, पुशनाथ मुंडा, सोहन पाहन, नंदलाल राम, सोहराय बेदिया, कामेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी, रामेश्वर महतो, हरिहर महतो, कमलाकांत मुंडा, सुरेश महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, एतवा बेदिया, राजेंद्र महतो, तुलसी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बुंडू में भाजपा का प्रदर्शन कर 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा की घोषित कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता सह प्रभारी जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुंडू प्रखंड कार्यालय के समक्ष हेमंत सरकार की नाकामी गलत नीतियों, विकास कार्यों में भ्रष्टाचार, धांधली एवं रिश्वतखोरी के विरुद्ध जम कर नारेबाजी किया। भाजपा नेता जैलेंद्र महतो ने सरकार की नाकामी पर बोलते हुए कहा कि सरकार यथाशीघ्र वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन दे। विद्यालयों में शिक्षक एवं अस्पतालों में डॉक्टर के रिक्त पदो पर बहाली करे। राज्य में बदहाली को सरकार दूर करे। इसके बाद 14 सूत्री मांग पत्र बीडीओ की अनुपस्थिति पर बीडीओ से वार्ता कर उनके सहायक को सौंपा। इस मौके पर भाजपा नेता लालू साहू,मंडल अध्यक्ष अलोक दास, रंजीत लाहेरी, गणेश कुम्हार, सुबोध मुखर्जी, धीरेंन महतो, बंटी चौधरी और शिवप्रसाद प्रजापति सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ओरमांझी में उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**ओरमांझी।** झारखंड सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, बढ़ते भ्रष्टाचार, किसानों को धान भुगतान में देरी, अंचल कार्यालयों में व्याप्त घूसखोरी और योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता ने की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता समेत सभी ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। प्रशासन से मांग है कि प्रखंड स्तर पर व्याप्त सभी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच हो और गरीबों को उनका हक दिया जाये।

धरना के समापन पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त रांची को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में किसानों के धान भुगतान, भ्रष्टाचार मुक्त दाखिल-खारिज, खाद-बीज की आपूर्ति, पेंशन योजनाओं की बहाली, और तीन माह का अग्रिम राशन वितरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान जल्द करने की मांग की गई कार्यक्रम में मानकी राजेंद्र साही, रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, चतुर साहू, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, राजेश गुप्ता, भीम मुंडा,मुखिया दीपक बड़ाइक, संतोष कुमार गुप्ता, राजधाम साहू, रोहित साहू, राजकिशोर साहू, अमित राज, विक्रांत तिवारी, बालक पहन, भानु प्रताप महतो, कलावती देवी, बालक महतो, लक्ष्मण साहू, प्रकाश महतो, ललिता मेहता, मणि देवी, दीपा चौरसिया, प्रवेश भोगता, अनिरुद्ध साहू, नारायण साहू, धनंजय महतो, अर्जुन सिंह, नेवा लाल महतो, कैलाश पहन, आनन्द मेहता, दीपक यादव, आफताब आलम, रामलखन महतो, सुरेन्द्र प्रजापति,नरेश महतो, मोतीलाल महतो, कामेश्वर महतो उपस्थित थे।

## नगड़ी अंचल सह प्रखंड परिसर में धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** भारतीय जनता पार्टी, नगड़ी मंडल के तत्वावधान में आहूत आक्रोश प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को नगड़ी अंचल सह प्रखंड परिसर में नगडी मंडल अध्यक्ष जय किशन महतो के अध्यक्षता में धरना और विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात सभी भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नगडी अंचलाधिकारी राजेश कुमार को मांग पत्र सौंपा। भाजपा सरकार से मांग करती है कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए आभजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। अपराध वाले थाना क्षेत्र में थानेदार को जिम्मेवार ठहराया जाये। धान क्रय का किसानों के बकाये का भुगतान अविलंब किया जाये। किसानों के लिए खाद बीज की व्यवस्था बिना कालाबाजारी के सुनिश्चित हो। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड आदि बनवाने की प्रक्रिया अष्टाचार और विचौलिया मुक्त हो। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह,भाजपा कार्य समिति सदस्य पंकज शाहदेव, कार्यक्रम के प्रभारी चूड़ामनी महतो, केदार महतो, विंध्याचल महतो, राकेश केशरी, संजय राधे, अरविन्द केशरी, पंकज लाल शाहदेव, शीला देवी, हेमंत केशरी, राजपाल साहू, विकास उराव, रितेश राज महतो, मेघनाथ महतो, रोहित महतो, शिवदेव उराव,सुरेश लोहरा, अजय नायक, मुकेश महतो, विजय महतो, छत्रपाल महतो, नंदकिशोर महतो बीजू महतो, कर्मा उराव, महावीर महतो उपस्थित हुए।

## नामकुम प्रखंड मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को नामकुम प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता रामाकांत महतो एवं कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित रहे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अशोक मुंडा ने आरोप लगाया कि बिना पैसे के यहां कोई भी कार्य संभव नही है। जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि अबुआ सरकार में सरकारी बाबुओं की चांदी हो गई है। भाजपा नेता रितेश उरांव ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में और भी बड़े आंदोलन होंगे। प्रदर्शन का संचालन लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी ने किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, गोपाल चौधरी, संजय सिंह, मनोज सिंह, राहुल साहदेव, शंकर सिंह मुंडा, पिंटू शाहदेव, राजेंद्र महतो, बिरसा पाहन, जॉनसन मुंडा, आकाश राय, संदीप मंडल, रवि सागर, माधुरी देवी, उर्मिला देवी समेत दर्जनों नेताओं ने भी अपने विचार रखे। प्रदर्शन को सफल बनाने में अशोक नायक, समीर राय, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, नीता शर्मा, दिलीप साहू, प्रभास झा, बिजेंद्र राय, गोपाल लोहिया, मोती सिंह बड़ाईक, राजू नायक, हरीश गंझू, अशोक गोप, अनिरुद्ध पांडेय, धनसिंह मुंडा, तुलसी गोप, सोहराई पहान, पिंकी सिंह, बबलू शर्मा, रुद्रेश्वर राय ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रमोद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके उपरांत भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने नामकुम बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

## चान्हो और मांडर में भी आक्रोश प्रदर्शन




**चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)।** भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन मंगलवार को चान्हो और मांडर में किया गया। गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, फसल क्षति हेतु मुआवजा तथा जनसमस्याओं के निदान हेतु भाजपा के द्वारा सभी प्रखंड मुख्यालयों में मंगलवार को आक्रोश प्रदर्शन किया गया। चान्हो में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार को बल मिला है सरकार दलाली को खत्म करें साथी उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लगों तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर जैसे किसानों के हित मे विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मईया सम्मान योजना पर भी सुधार की मांग की। सभा को चान्हो भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विजय महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर मुकेश साहू, रामबालक ठाकुर, शफीक अंसारी, अरविन्द सिंह, सतीश शाह, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आक्रोश प्रदर्शन सिर्फ ढोंग है : सुरजीत शाही

भाजपा के आक्रोश प्रदर्शन को कांग्रेस के नेता सुरजीत शाही ने ढोंग बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को आज भ्रष्टाचार दिख रहा है। राज्य में सैकड़ों विकास की योजनाएं चल रही है। झारखंड विकास की ओर अग्रसर है।

## रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस की हुई अहम बैठक

## चुनाव लड़नेवाले शीघ्र आवेदन करें : सुरेश सिंह



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस की अहम बैठक मंगलवार को राजाडेरा पंचायत में हुई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा एवं रिशु कुजूर ने किया। मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के मीडिया चैयरमैन सुरेश कुमार सिंह थे। मौके पर सुरेश कुमार ने युवा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने संगठन का विस्तार हमेशा चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से करती है। चूंकि झारखंड प्रदेश में यूथ कांग्रेस के सभी इकाईयों के चुनाव का समय सुनिश्चित कर दिया गया है। ऐसे में रांची ग्रामीण के जितने भी युवा साथी हैं और वे जिस पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। जल्द से जल्द अपना नामांकन करा लें। तथा अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी में जुट जाएं। मौके पर चतरा के ग्राम प्रधान किस्टो कुजूर ने कहा कि युवा ही कांग्रेस पार्टी के रीढ हैं। युवा साथियों के द्वारा हीं संघर्ष की गाथा लिखी जाती है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हमेशा आगे होकर सड़क से लेकर सदन तक पार्टी के विचारधारा के लिए संघर्ष किए हैं। बैठक में जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अमित खलखो, महासचिव हसीब अंसारी, तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष लखींद्र मुंडा, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष विशाल कुमार स्वांसी, मिनहाज आलम, जयराम ठाकुर, बलराम पाहन, विजय खलखो, राजेश कच्छप, रॉबर्ट तिग्गा, राम भजन सिंह मुंडा, शशिकांत कुमार, संतोष राम, राजदेव मुण्डा, गुरुचरण मुण्डा, सालिक मुण्डा, आनन्द मुण्डा सहित जिले के अन्य प्रखंडों के दर्जनों युवा कांग्रेसी मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप और लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रोतो कप एवं लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग से जन्मेजय पाठक ने उस खेल का उद्घाटन किया। विनर बच्चों को बीपीओ (शिक्षा) लीलावती तिर्की एवं शिक्षकों के साथ सार्वजनिक रूप से ट्रॉफी शील्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया तथा विनर अंडर 15 से सरसा, विनर अंडर 17 से लापुंग आवासीय कस्तूरबा विद्यालय लापुंग, विनर लिटिल चैंप्स से सारसा ने भी फुटबॉल टूनार्मेंट में बाजी मारी इस खेल प्रतियोगिता में लापुंग के बच्चे जिला में खेलेंगे और लापुंग प्रखण्ड का नाम रोशन करेंगे विधायक प्रतिनिधि ने कहा बच्चों का भविष्य पढ़ाई के साथ खेल से भी मन मस्तिष्क स्वास्थ्य रहता है। हमारे कृषि , सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के बच्चों को हर संभव मदद करेंगी बसर्ते आप पुरे इमानदारी पुर्वक पढ़ाई के साथ खेल में भी ध्यान दे। मौके पर उपस्थित प्राचार्य अमरेंद्र कुमार राय,सापूकेरा ने पंचायत मुखिया सविता उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नशिम आलम, दुर्गा नाथ पाइक, पवन ठाकुर, जितेन्द्र प्रधान के अलाव विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और बच्चे मौजूद थे। विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। साथ ही के जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले कर्मचारी का हर संभव जन्म प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग करने की बात कहा।

## धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत लापुंग प्रखण्ड अंतर्गत दाड़ी पंचायत सचिवालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चल रही योजनाए के जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल लगा कर लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। अन्य विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा भी आये हुए लोगो की समस्या का त्वरित समाधान किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इमतेयाज, बेनेदिक्त बाड़ा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मो आरिफ, कल्याण पदाधिकारी पंचम टाना भगत, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी निर्मल कुमार कश्यप, मुखिया सुमिला मिंज, पंचायत सचिव सिरका मुंडा, रोजगार सेवक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मध्य विद्यालय जरिया, प्लस टू स्कूल और कस्तूरबा विद्यालय बेड़ो की टीम चैंपियन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरिया गांव स्थित करमचंद भगत स्टेडियम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 64वें प्री सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हो गया। यहां अंडर-15 आयु वर्ग के मैच में राजकीय कृत मध्य विद्यालय जरिया ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक को पराजित कर चैंपियन बना। अंडर 17 वर्ग में एसएस प्लस टू स्कूल बेड़ो ने राजकीय उच्च विद्यालय असरो को पराजित कर चैंपियन बना। वहीं अंडर17 वर्ग बालिका में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेड़ो ने संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल दिघिया को हराकर कर चैंपियन बनी। तीनों विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रखंड के अतिथियों ने परितोषित देकर सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि खिलाड़ियों के खेल की प्रतिभा को निखारने का सुब्रतो मुखर्जी कप का मंच एक सुनहरा अवसर देती है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए प्रखंड,जिला व राज्य पर नाम रौशन करने को कहा। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन बीडीओ राहुल उरांव,मुखिया कुंवारी खलखो बीपीओ विकास भूषण, सुशील कच्छप, प्रवीण सूचित बाजरे, प्रकाश पवार, मृणाल मोहन खलखो, सुषमा टोप्पो, अनामिका तिर्की, राखी कुमारी, अरुण कुमार साहू, आदिल साह, विवेक कुमार, शाहीन अख्तर, मीना सिंह, इंदु प्रसाद, अनमोल टोप्पो व बुदा उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित




नामकुम (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा मैदान नामकुम में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने फुटबॉल किक कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और पढ़ाई दोनों ही जीवन को सफल बनाते है। सरकार द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कराना एक सराहनीय प्रयास है, जिसका लाभ छात्रों को पूरी तरह उठाना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों से अंडर-15 और अंडर-17 वर्गों की कुल 9 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर-15 एवं अंडर-17 वर्ग (बालक) में प्रकाश हाई स्कूल हुलहुंडू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 (बालिका) वर्ग में कस्तूरबा +2 उच्च विद्यालय खरसीदाग विजेता बना, जबकि हंसराज बाधवा +2 उच्च विद्यालय नामकुम उपविजेता रहा। सभी विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर सैकड़ों छात्र, शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया।

### नामकुम में आम महोत्सव सह बागवानी मेला में किसान सम्मानित



नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्थानीय किसानों को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी और फल उत्पादन से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए आम बागवानी से होने वाले लाभों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किसानों को आम के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्ष लगाने पर जोर देना चाहिए, ताकि आय के स्रोत बढ़ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना ने कई किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। महोत्सव में आम्रपाली, मल्लिका, दशहरी, चौसा, मालदा और लंगड़ा जैसी प्रजातियों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे ग्रामीणों और आगंतुकों ने खूब सराहा। मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने उन किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जो आम बागवानी में उत्कृष्ट कार्य किए है। साथ ही उन्होंने महिला किसानों के साथ पारंपरिक नृत्य में भाग लेकर मेले को और भी जीवंत बना दिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, थाना प्रभारी मनोज कुमार, उप प्रमुख वीणा देवी, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, माधो कच्छप, जॉन बागे, मरियम बानो, मनोज कुमार, सुरेंद्र राम, नंदलाल पातर सहित सभी कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक जयराम महतो के बयान की निंदा



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जेएलकेएम के केंद्रीय सदस्य रामपोदो महतो ने मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो द्वारा जेएलकेएम विधायक जयराम महतो के खिलाफ कथित रूप से दिए गए विवादित और आपत्तिजनक बयान की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि जयराम महतो खतियानी आंदोलन, जेपीएससी-जेएसएससी की पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान सहित कई जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे जननेता के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग पूरे झारखंड के लोगों की जनभावना और अस्मिता पर गहरा चोट है। कहा कि मांडू विधायक के इस बयान के खिलाफ कार्यकताओं में काफी आक्रोश है। मांडू विधायक के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू करने को लेकर प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता एकजुट हो रहे हैं। मालुम हो कि रांची में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल पर मांडू विधायक द्वारा कथित तौर पर जयराम महतो को लेकर अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इसके बाद से हीं कार्यकताओं का गुस्सा उफान पर है। रामपोदो महतो ने कहा कि झारखंड की जनता अब जाग चुकी है। जननेता जयराम महतो के खिलाफ गलत बयानबाजी करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### लापुंग प्रखंड के दाढ़ी पंचायत में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ

लापुंग। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत लापुंग प्रखण्ड अंतर्गत दाड़ी पंचायत सचिवालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया एवम अन्य के द्वारा दीप प्रजवल्लित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चल रही योजनाए के जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल लगा कर लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। अन्य विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा भी आये हुए लोगो की समस्या का त्वरित समाधान किया गया। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इमतेयाज, बेनेदिक्त बाड़ा, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मो आरिफ, कल्याण पदाधिकारी पंचम टाना भगत, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी निर्मल कुमार कश्यप, मुखिया सुमिला मिंज, पंचायत सचिव सिरका मुंडा, रोजगार सेवक और ग्रामीण मौजूद थे।

## गैरेज से कार चोरी का प्रयास करने के आरोप में छह को ग्रामीणों ने पीटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के डुमरडीह में अर्जुन होटल के मालिक उपेंद्र साहु के गैरेज में लगे गेट का ताला तोड़ कर चोरों ने सोमवार की रात कार एवं अन्य सामानों की चोरी करने का प्रयास किया लेकिन चोर चोरी करने में असफल हो गये। कार का भी लॉक टूटा हुआ था। गैरेज के अंदर के एक कमरे के गेट का भी ताला टूटा हुआ था। हालांकि चोर कुछ भी सामानों की चोरी नहीं कर सके। चोरों की संख्या छह है। सभी चोर सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गये। मंगलवार की सुबह 9 बजे स्थानीय लोग हवाईअड्डा पहुंचकर 6 चोरों को पकड़ा। ग्रामीणों के अनुसार सीसीटीवी कैमरा में कैद चोर खानाबदोश हैं और डुमरडीह बस्ती में तंबू लगाकर रह रहे थे। दो दिन पूर्व डुमरडीह से अपना तंबू हटाकर हवाई अड्डा के पास ले गए। होटल संचालक के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने हवाई अड्डा के समीप तंबू लगाकर रह रहे खानाबदोश को अपने घेरे में लिया और जमकर धुनाई की। सभी छह चोरों ने अपना दोष स्वीकार करते हुए हाथ जोड़ कर माफी मांगी और आगे चोरी नहीं करने की कसम खायी। पिटाई के बाद ग्रामीणों ने गुमला थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी। पुलिस सभी चोरों को थाना में रखकर पूछताछ कर रही है।

# पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला में नक्सलियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक हरीश में जमां को गुप्त सूचना मिली कि बिशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा के जंगलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो रविंद्र यादव अपने दस्त के साथ घूम रहा है। वही कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है सूचना के सत्यापन हेतु एक छापा मारी दल का गठन किया गया जिसमें झारखंड जगुआर के साथ बिशनपुर थाना के रिजर्व बल को शामिल किया गया। इसके बाद छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें घाघरा के जंगल में टीम पहुंची जैसे ही ग्राम घाघरा पहुंची तो देखा कि कुछ व्यक्ति हथियार के साथ गांव के सामने वाले जंगल में है। छापामारी दल को अपनी ओर आता देख सभी संदिग्ध व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगे, जिनमें से एक व्यक्ति को छापामारी टीम के द्वारा घेराबंदी करते हुए खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पकड़े व्यक्ति का कड़ाई से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य फिरोज अंसारी उम्र 35 वर्ष ग्राम रुबेद थाना जोबांग जिला लोहरदगा बताया। झारखंड सरकार द्वारा समर्पण नीति के तहत वह 5 लाख का इनामी घोषित है तलाशी के दौरान उसके पास से एक 303 राइफल एक बिट्टू बैग और जिंदा गोली पाया गया। इस संबंध में कागजात की मांग की गयी तो वह दिखने में असफल रहा इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, विनय कुमार, बिशनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह घाघरा थाना प्रभारी पुनीत मिंज तरुण कुमार मोहम्मद जहांगीर नीरज कुमार तिवारी जावेद अख्तर सहित बिशनपुर थाना रिजर्व गार्ड और गुमला क्यू आर टी बल शामिल रहे। वही 11 मामलों में विभिन्न स्थानों में उग्रवादी के विरुद्ध कांड दर्ज हैं। मंगलवार की अपराह्न 4:00 बजे एसपी कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय भरनो में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह,प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की उपस्थिति में किया गया। कैंप में 5 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ। कैंप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, जिला से आए उपाधीक्षक सुनील कुमार राम सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## थाना दिवस का आयोजन कल

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना परिसर में आगामी 26 .6 .2025 को सुबह 11 बजे थाना दिवस का आयोजन किया गया है। जो भी पीड़ित व्यक्ति है, दोनों पक्षों के साथ थाना दिवस में पहुंचेंगे उनकी समस्याओं का त्वरित कार्रवाई की जायेगी।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं ELS_401_Cab_AC_25-26_02 हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। 1. कार्य का नाम तथा स्थान : आरडीएसओ के विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2007/ईएलडब्लू/स्पेक/0055, रेव "1" और आरडीएसओ मॉड संख्या एमएस/0469 रेव "0" के अनुसार ईएलएस/जीएमओ पर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव पर एयर कंडीशनर (ट्रफ के साथ) की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। स्थान : विद्युत लोको षेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,27,95,928.96 रू (दो करोड़ सत्ताईस लाख पंचानवे हजार नौ सौ अट्ठाईस रूपये और छियानवे पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹2,64,000/– रू (रूपये दो लाख चौंसठ हजार मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 21.06.2025 से 14.07.2025 को 12:30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्यूत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता,
टी.आर.एस./पूमरे/गोमो
पीआर/0466/गोमो/विद्युत/टी/25–26/44


## बसिया में भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय घेरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह बड़ाइक के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। इस मौके पर गुमला जिला भाजपा मंत्री विजय सिंह पिंटू ने कहा कि भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा झारखंड में हो रहे भ्रष्टाचार और बढ़ रहे आपराधिक गतिविधि को लेकर सभी जिले के प्रखंड कार्यालय का घेराव एवं जन आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्देश के अनुसार यह कार्यक्रम किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार फैला हुआ है अपराधी बे लगाम हो गये, भ्रष्टाचार का पहला पड़ाव प्रखंड कार्यालय ही होता है प्रखंड कार्यालय में बिना पैसे का किसी भी प्रकार का काम करना मुश्किल है, तो वही झारखंड में अपराधी इतने बेलगाम हो गये हैं कि सोशल मीडिया में आकर खुली धमकी दे रहे हैं और झारखंड सरकार और झारखंड की पुलिस प्रशासन उन्हें पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। झारखंड सरकार की अब दमनकारी नीति नहीं चलेगी। वही इस आक्रोश प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह बड़ाईक ने कहा कि प्रखंड स्तर में भी इतना भ्रष्टाचार है की प्रखंड कार्यालय में खास हो या आमजन रोज प्रखंड अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते हैं पर उनका काम नहीं होता है। इस दौरान झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। मौके पर बसिया भाजपा मंडल के शैलेश साहू, अमर पांडेय, विकास इंदवार,राजकुमार सिंह, दिनेश लकड़ा,रामा पांडेय, विनोद भगत समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से वृद्ध की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जलका केनटोली निवासी वृद्ध भिखइन उराइन की पानी में डूबने से मौत हो गयी। वही घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार जलका केनटोली में सोमवार को शादी समारोह का कार्यक्रम था।जहां देर शाम भी भीखइन अपने कुछ रिश्तेदारों को पैदल जलका मोड़ तक छोड़ने आयी थी और वह हल्का नशे में भी थी। रिश्तेदारों को छोड़ने के बाद वह वापस लौट रही थी। लेकिन वह घर नहीं पहुंची। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वहीं मंगलवार की सुबह ग्रामीण शौच करने के लिए सड़क में जा रहे थे। इसी क्रम में लोगों ने जल का मोड़ पीपल के समीप सड़क किनारे सड़क बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी के ऊपर उपला हुआ एक वृद्ध महिला के शव को देखा।

## युवक ने माता-पिता को कुल्हाड़ी से काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के जीलपीदह गांव में एक कलयुगी पुत्र प्रकाश असुर 35 वर्ष ने अपने वृद्ध पिता शनिचरवा असुर लगभग 60 वर्ष और माता देवमणिया असुर 55 वर्ष को कुल्हाड़ी से कटकर मार डाला। आरोपी की पत्नी राजमुनि असुर ने बताया कि मंगलवार लगभग 10:11 बजे मेरे पति नशे की हालत में घर पहुंचे। उनके द्वारा खरीदा गया गाड़ी से मेरा बेटा खेल रहा था तभी उसने अधजल लकड़ी से उसे मारना शुरू कर दिया, मेरे द्वारा विरोध किया गया तो मुझे वह घर में रखे हथोड़ा से मेरे सर पर प्रहार कर दिया और घर में कुल्हाड़ी खोजने लगे। तभी मैं घर से भाग निकली उस वक्त मेरे साथ ससुर भी उसे डांट रहे थे जब मैं थोड़ी देर बाद वापस घर पहुंची तो देखा कि मेरे सास-ससुर खून से लथपथ मरे पड़े हैं और मेरा पति घर से फरार है। इसकी सूचना मैं घर से कुछ दूर स्थित घर में रह रहे मेरे पति के बड़े भाई को दी जिसके उपरांत गांव के लोग घर पहुंचे और घटना की सूचना बिशुनपुर पुलिस को दी।

पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनो शव को कब्जे में कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया जहां चिकित्सकों ने दोनों वृद्ध दंपति को मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी की घायल पत्नी का इलाज बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए कल भेजा जायेगा।

## भरनो में बीडीओ ने दुकानों में की छापेमारी, पान मसालों को किया नष्ट



**भरनो (आजाद सिपाही)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह के द्वारा भरनो चट्टी रोड स्थित विभिन्न दुकानों पर छापा मारा गया। इसमें प्रतिबंधित सामग्री तथा गुटका विभिन्न प्रकार के पान मसाले इत्यादि को नष्ट किया गया। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गयी की इसे भविष्य में वे दुकानों में ना बेचे अन्यथा जुर्माना के साथ–साथ विधि संवत कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया जायेगा।

## हाई वॉल्टेज तार खेत में गिरने से ग्रामीण भयभीत, हटाने की लगायी गुहार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** मंगलवार सुबह 9 बजे के आसपास ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिसई प्रखंड क्षेत्र के रेड़वा के पास एक खेत में एक लाख 32 हजार हाई वॉल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ है। सोमवार शाम की मूसलधार बारिश और वज्रपात के समय यह बिजली का तार गिरा है। जब सुबह ग्रामीणों ने खेत में इतने हाई वॉल्टेज बिजली का तार गिरा हुआ देखा तो लोग भयभीत हो गये। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इसमें बिजली प्रवाहित हो रही हो तो काफी खतरा होने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस हाई वॉल्टेज बिजली के तार को खेत से हटाने की गुहार लगायी है अक्सर किसान बरसात के मौसम में खेती के लिए हल से जुताई करते हैं यदि इस खेत में गलती से कोई किसान पहुंच जाये तो फिर कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

## ठनका से गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**सिसई (आजाद सिपाही)।** वज्रपात के चपेट में आने के कारण सिसई प्रखण्ड के रेड़वा पंचायत अंतर्गत घाघरा नागफनी के किसान की गाय की मौत हो गयी। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। आसपास के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में बीते रात वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आने के कारण किसान रन्थू उरांव, पिता घुड़ा उरांव के गाय की मृत्यु हो गयी। ज्ञात हो कि सोमवार को मुसलाधार बारिश के साथ–साथ कई जगह वज्रपात भी हुई थी। गाय की मौत हो जाने से किसान को काफी आर्थिक क्षति हुआ है।

## मांगों को लेकर भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** राज्य में गिरती कानून व्यवस्था भ्रष्टाचार व सरकारी योजनाओं की विफलता समेत अन्य मुद्दों को लेकर मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन कर उपायुक्त के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव जिला प्रभारी प्रदीप प्रसाद आदि शामिल हुए इस मौके पर वक्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर विभिन्न आरोप लगाया कहा कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है बेरोजगारी बढ़ गई है हेमंत सरकार ने स्थानीय नीति नियोजन नीति और भाषा विवाद में राज्य को उलझाए रखा है आयुष्मान योजना को राज्य सरकार ने लगभग ठप कर दिया है वही पेंशन, विधवा, पेंशन, दिव्यांग पेंशन महीनो से बंद है मैया सम्मान की राशि में भी हजारों महिलाओं को ठगा गया है किसानों को भी धान की खरीद के नाम पर ठगा गया है। इस दौरान हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारे भी लगाये गये। इस मौके पर भिखारी भगत अशोक भारती केदार साहू राजू मांझी अजीत उरांव शनिचरवा उरांव चंदन सिंह टेमन दास मंगरु उरांव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जन शिकायत में सात मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। बीडीओ सुलेमान मुंडरी सीओ शेखर वर्मा ने गंभीरतापूर्वक शिकायत सुनी शिविर में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 7 मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में आवास योजना से संबंधित 4, नया राशन कार्ड 1, वृद्धा पेंशन 8, मइया सम्मान योजना 1 और मनरेगा जॉब कार्ड से जुड़ा 1 मामला,अंचल से कुल 10 मामले जिसमें पीएम किसान सम्मान निधि 2, केसीसी 1, ऑनलाइन रसीद 1,जमीन सत्यापन 1, पंजी टु का नकल 01, जाति/आवासीय/आय 04 मामले शामिल था। बीडीओ ने सभी उपस्थित आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ घाघरा में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल घाघरा और आदर के द्वारा प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनय लाल, मंडल अध्यक्ष किशोर जायसवाल व पप्पू गुप्ता के अलावा कई भाजपाई मौजूद रहे। इस दौरान हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार में भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयल की लूट, बिजली पानी की लचर व्यवस्था, अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ यह आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष विनय लाल ने कहा सरकार झूठे वादे करके सत्ता में आया और यहां के भोले भाले जनता को लूटने व ठगने का काम कर रही है। यहां से हाइवा में बालू ले कर रांची में बेचा जा रहा है और स्थानीय ट्रैक्टर को पड़कर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जाती है। अंचल कार्यालय में ऑनलाइन व जमीन सुधार सहित के नाम पर उगाही की जा रही है। हेमंत सोरेन ने कहा था किसानों को मुफ्त में धान का बीज दिया जाएगा पर पैसा ले कर दिया जा रहा है। कोई भी वादा सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। और तो और मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन में भी पैसे की मांग की जा रही है। राज्य सरकार को कड़ी चेतावनी दी है कि जनता की आवाज को अगर नहीं सुना गया तो जिला के उपायुक्त व एसपी कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनय लाल, किशोर जायसवाल, पप्पू गुप्ता, श्याम किशोर पाठक, विपिन बिहारी सिंह, आशीष कुमार सोनी, गोपाल गोप, सीमा देवी, सुरेश सिंह, संजय सिंह, हरिलाल भगत व राधेश्याम यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पशु चिकित्सालय के गेट पर समय से पूर्व ताला लटकते देख भड़की प्रमुख




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने पंचायत समिति सदस्यों की टीम के साथ पशु चिकित्सालय सिसई का औचक निरीक्षण करने पहुंची। जहां निरीक्षण के दौरान प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को समय से पूर्व ही बंद पाई। प्रमुख अपने टीम के साथ 4 बजे कार्यालय परिसर पहुंची थी। प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि समय से पूर्व ही कार्यालय के बंद होने का कारण क्या है ये जानकारी लेने के लिए पशुपालन विभाग के पदाधिकारी डॉक्टर अभिनव कुमार को फोन की परंतु फोन नहीं उठाया उसके बाद सहयोगी कर्मचारी को फोन की परंतु वे लोग भी फोन रिसीव नहीं किये और ना ही कॉल बैक किये। यह सब देखकर प्रमुख भड़क गयी। सिसई प्रखंड कार्यालय अंतर्गत संचालित सभी विभाग में इसी प्रकार का रवैया देखा जा रहा है। जिसको लेकर कई बार सुधार के नाम पर उग्र आंदोलन भी किया जा चुका है। परंतु सुधार होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि विकास कार्यगति सीधे पांच साल पीछे जा रहा है। प्रमुख मीना देवी ने कहा कि सभी मामले से उपायुक्त गुमला को लिखित तौर पर अवगत कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उप प्रमुख निलेश उरांव और पंचायत समिति सदस्य जय मंगल उरांव मौजूद थे।

## डीटीओ-मोटर यान निरीक्षक ने प्रखंड के चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा टीम एवं राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल गुमला एवं राज्य के कनीय अभियंता के साथ घाघरा प्रखंड के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल स्पोर्ट का संयुक्त स्थल निरीक्षण किया गया। इस क्रम में घाघरा पुराने पेट्रोल पंप, गम्हरिया, बड़काडीह चांदनी चौक सहित कई स्थान का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में मुख्य पथ पर जल जमाव से उत्पन्न गड्ढों को चिन्हित कर मरम्मत करने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया। एक्सीडेंटल जोन में बोर्ड लगाए जाएंगे। रंबल स्ट्रिप का निर्माण, स्पीड लिमिट संकेत बोर्ड,सड़क किनारे सफेद मार्किंग, क्रेश बैरियर को ठीक एवं पुन स्थापित कराया जायेगा। इसके साथ ही निरीक्षण टीम ने चांदनी चौक घाघरा में निम्नलिखित पहलुओं पर चर्चा किया। साथ ही कहा कि बिजली की खभों की स्थिति, सड़क चौड़ीकरण की संभावनाएं, ट्रैफिक मैनेजमेंट और चौराहे के पुन :डिजाइन ऑटो एवं बस स्टॉप के उत्पन्न यातायात बाधाएं को लेकर एक नया डिजाइन तैयार कर उपयुक्त गुमला को शीघ्र प्रस्तुत किया जायेगा। ताकि सौंदर्यकरण के साथ–साथ यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। निरीक्षण में मिली सभी कर्मियों को विस्तृत अनुमान कर एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। अनुमोदन हेतु या विवरण अधीक्षण अभियंताओं को भेजा जायेगा और स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद मरम्मत एवं सुरक्षा उपायों का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।




## आइसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर ऋषभ पंत के खाते में जुड़ा एक डिमेरिट अंक

एजेंसी



**हेडिंग्ले।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को लीड्स में चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर अनुचित व्यवहार के लिए आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इसके तहत पंत को आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया गया है।

आइसीसी के अनुसार, पंत ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति ओप्रकट करने से संबंधित है।

यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर के दौरान हुई जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। इस दौरान पंत ने गेंद की स्थिति पर अंपायरों से चर्चा की और गेंद बदलने की मांग की। लेकिन अंपायरों द्वारा गेंद गेज से जांच के बाद गेंद न बदलने का फैसला करने पर पंत ने नाराजगी जताते हुए गेंद को अंपायरों के सामने जमीन पर फेंक दिया।

हालांकि, पंत ने तुरंत अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, जिससे कोई औपचारिक अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई।

यह आरोप मैदान पर मौजूद अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने मिलकर लगाए थे।

आइसीसी के नियमों के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन में न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार होती है, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50% जुमार्ना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकती है।

यह पंत का पिछले 24 महीनों में पहला उल्लंघन है।

लीड्स टेस्ट मुकाबला इस समय रोमांचक मोड़ पर है, जहां मेजबान इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 350 रनों की जरूरत है और उनके सभी 10 विकेट शेष हैं।

## कामडारा संत अलोईस उच्च विद्यालय सह इंटरमीडिएट कॉलेज में विद्यालय दिवस मना



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा संत अलोईस उच्च विद्यालय सह इंटरमीडिएट कॉलेज टुरुण्डू में मंगलवार को विद्यालय दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं सबसे पहले सुबह 8बजकर 30 मिनट पर मुख्य अनुष्ठादाता फादर मंगल सोय और सहयोगी पल्ली पुरोहित फा.गाब्रिएल आईंद, फादर अजीत कुमार केरकेट्टा ,फा नामजन तोपनो के द्वारा पवित्र मिस्सा का अनुष्ठान कराया गया। इसके बाद विद्यालय प्रिंसिपल नीलम लूगून ने विद्यालय दिवस के मौके पर संबोधित करते हुये कहा कि संत अलोईस गोंजागा का जन्म 9 मार्च 1568 ई को इटली मे हुआ था। यह रोमन कॉलेज का छात्र रहते हुए गंभीर महामारी से पीड़ितों का देखभाल करने के परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु 21 जून 1591को हुई। इसके बाद इन्हें 1726 ई में संत घोषित किया गया। जिसे युवाओं का संरक्षक संत माना जाता है। इसी के नाम पर इस विद्यालय का नाम संत अलोईस उच्च विद्यालय सह इंटरमीडिएट कॉलेज रखा गया है। इसके बाद स्कूल व कॉलेज के छात्र–छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी।

## सांसद ढूलु महतो ने की अभद्रता, जीएम से कहा

# मारेंगे चड़ाक करके, मुंह फोड़ देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** खरखरी कोलियरी क्षेत्र स्थित हिलटॉप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की आउटसोर्सिंग परियोजना को लेकर मंगलवार को बीसीसीएल एरिया-3 के जीएम कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलायी गयी। बैठक में धनबाद सांसद ढूलु महतो, हिलटॉप आउटसोर्सिंग के जीएम कौशल पांडेय, बीसीसीएल एरिया-3 के जीएम सुधाकर प्रसाद, बाघमारा डीएसपी पुरषोत्तम सिंह समेत पुलिस और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक की शुरूआत में ही सांसद ढूलु महतो का रुख आक्रामक हो गया। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम कौशल पांडेय को अपशब्द कहे और धमकाते हुए बोले, मारेंगे चड़ाक करके, मुंह फोड़ देंगे। जब जीएम ने शांति से कहा कि आप बदतमीजी मत कीजिए, तो ढूलु महतो ने एक बार फिर अपशब्दों की बौछार कर दी और हाथ उठाने की भी कोशिश की। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान स्थिति बिगड़ती देख कतरास थाना प्रभारी को बीच-बचाव के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।



### पत्रकारों से भी बदसलूकी

इतना ही नहीं, बैठक के दौरान मौजूद ढूलु महतो के एक समर्थक ने पत्रकारों को वीडियो बंद करने की धमकी दी। एक स्थानीय अखबार के पत्रकार का मोबाइल भी छीन लिया गया और अन्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि सभी पत्रकारों के मोबाइल से वीडियो डिलीट कर दिए जाये। यह पूरा घटनाक्रम कैमरे में दर्ज हो गया है। घटना के बाद जीएम कौशल पांडेय और सभी पत्रकार कार्यालय से बाहर निकल गये।

**स्थानीय जनता में रोषः** इस घटनाक्रम के बाद इलाके में सांसद के व्यवहार को लेकर गहमागहमी का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर एक अधिकारी के साथ खुलेआम इस तरह का व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिक कितने सुरक्षित हैं? वहीं, पुलिस की चुप्पी पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ढूलु महतो की यह शैली कोई नयी नहीं है, लेकिन इस बार उन्होंने सभी मयार्दाओं की सीमाएं लांघ दी हैं। अब जनता यह सोचने को मजबूर है कि जब कानून व्यवस्था के रखवाले ही मूकदर्शक बने रहें, तो आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद किससे करे?

हिलटॉप आउटसोर्सिंग परियोजना के जीएम कौशल पांडेय ने कहा कि सांसद ढूलु महतो का व्यवहार किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सांसद पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, यह बात सभी को पता है। उनका व्यवहार पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना को लेकर प्रबंधन सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन कर रहा है, लेकिन बैठक के दौरान जिस प्रकार से धमकी और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह अत्यंत निंदनीय है।

सांसद ढूलु महतो ने कहा कि कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए परियोजना का कार्य आरंभ कर दिया, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा, ्रबंधन ने अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति गुड्डू मियां के हाथों नारियल फुड़वाकर काम की कर परियोजना को आगे बढ़ाना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगा।

# गिरती कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के तत्वाधान में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में धनबाद विधानसभा एवं झरिया विधानसभा की संयुक्त कार्यक्रम, हेमंत सरकार में पूरे झारखंड सहित धनबाद मे गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ गरभुडीह स्थित धनबाद प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेताओं ने झारखंड की हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखा हमला बोला। बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ता एवम महिला प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर भ्रष्टाचार बंद करो, आम लोगों को अधिकार देना होगा जैसे नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार विशाल प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि, इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ गयी है। हेमंत सरकार ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति और भाषा विवाद में पुरे राज्य को उलझा कर रख दिया है। नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण शहरी क्षेत्र में जनता की समस्याओं की सुधि लेने वाला कोई नही। हेमंत सरकार में सरकारी पदाधिकारी अपनी मनमानी चला रहे हैं। आज सभी क्षेत्रों से आम लोगों की राशन वितरण में गड़बड़ी, आवास योजनाएं या सामाजिक सुरक्षा पेंशन की शिकायतें आए दिन आ रही हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार में अवैध बालू, पत्थर, कोयला की जमकर लूट हो रही है। महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हेमंत सरकार के कुशासन और भ्रष्ट व्यवस्था की वजह से झारखंड में बच्चों तक का निवाला भी सुरक्षित नहीं रह गया है। मिड डे मील जैसी योजनाओं में लूट और घोटाले मासूम बच्चों की सेहत से खिलवाड़ यह दिखाती है कि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हर मोर्चे पर विफल राज्य की हेमंत सरकार खुद भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी है। धनबाद उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांगपत्र सौंपा गया।

संबोधित करने वाले मुख्य लोगों मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, रमेश राही, मानस प्रसुन, मुखिया रमेश सिंह, मुखिया मनोज सिंह, दिलीप सिंह चौधरी, रूपेश सिन्हा थे। मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हंसदा, विष्णु त्रिपाठी, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, अजय निषाद, प्रियंका देवी सहित हजारो महिला एवम पुरुष उपस्थित थे।

## बीसीसीएल के श्रमिकों की पदोन्नति के बाद पहचान पत्र भी अपग्रेड हो : उमेश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के लिए एक मानकीकृत ड्रेस कोड लागू किया है, जो जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर स्थिरता और एकरूपता के पहचान को बढ़ावा देना है, जो कि सराहनीय कार्य है इस के लिय संघ कोल प्रबंधन को साधुवाद करता है। ठीक इसी कड़ी में भाकोकोलि में कार्यरत श्रमिकों में ऐसा देखा जा रहा है कि पदोन्नती होने के बाद उनके पे-स्लीप में पदोन्नती पदनाम तो दशार्या जाता है परन्तु नियोजन के समय जो पहचान पत्र कंपनी द्वारा जिस पदनाम के साथ दिया जाता है, वह पदोन्नती के पश्चात भी पहचान पत्र को अपग्रेड नहीं किया जाता है। इस बावत धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य एवं अपेक्स सुरक्षा समिति सदस्य बीसीसीएल उमेश कुमार सिंह द्वारा निदेशक (मानव संसाधन) बीसीसीएल को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है और संगठन की ओर से मांग किया गया है कि भाकोकोलि में कार्यरत समस्त श्रमिको को जिस प्रकार से ड्रेस कोड लागू किया गया है, उसी क्रम में समस्त श्रमिकों के पहचान पत्र अधिकारी वर्ग की तरह समय-समय पर पदोन्नती के बाद अपग्रेड कर जारी किया जाये जिसकी प्रतिलिपि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल को भी दी गयी है। उक्त जानकारी धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया।

## कर्तव्य महिला मंडल गोविंदपुर क्षेत्र ने छात्र-छात्राओं के बीच किया खेल सामग्री का वितरण





**कतरास (आजाद सिपाही)।** दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर कर्तव्य महिला मंडल गोविंदपुर क्षेत्र के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सिनिडीह में एक सादे समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच में खेल सामग्री कैरम बोर्ड, फुटबॉल, वालीबॉल शतरंज, लूडो, फ्लाइंग डिस्क, फ्लाइंग रिंग, चाकलेट, बिस्कुट आदि वितरण किया गया। कर्तव्य महिला मंडल की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत अधिक महत्व है। खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कर्तव्य महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर कर्तव्य महिला मंडल की सीमा जायसवाल, अर्पणा शरण, माला झा, पुष्पा रजक, रत्ना दत्ता , सुतपा महतो, सुनीता सिंह आदि उपस्थित थीं।

## भौरा में चोरी के समान के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** भौरा ओपी थाना क्षेत्र में एक चोरी का मामला सुलझा लिया गया है। मीरा अग्रवाल के बंद घर से 17 जून 2025 को चोरों ने 3 .04 लाख रुपए के सामान की चोरी की थी। पुलिस ने वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों को भौरा उपबाजार से गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों में सैयद शाहनवाज अहमद और गोविंद कुमार शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर एक स्थानीय ज्वेलरी शॉप से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से 1.2 किलोग्राम चांदी की सिल्ली और सोने की एक चेन बरामद की। इसके अलावा एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक लैपटॉप और अन्य घरेलू सामान भी बरामद हुआ। जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## बस के नीचे दबने से कंडक्टर की मौत




**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सिंदरी झरिया मुख्य मार्ग पर बीसीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के निकट अरमान नामक बस संख्या जे एच 10 ऐ एस 4886 जो की भागा से सिकन्दरा बिहार जाती हैं। बस की चपेट में कंडक्टर 45 वर्षीय दिनेश यादव की मौत हो गयी हैं। स्थानीय लोगों बस मालिक को बुलाकर मुआवजा की मांग को लेकर शव को झरिया पुलिस को उठाने नही दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है की बस में जैक लगा कर पिछला चक्का को खोलकर खलासी बनाने गया था। तभी बस का जैक सिलिप कर दिनेश के उपर गिर गया है। दिनेश बस के निचे दब कर मौत हो गयी हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दिया गया है। पुलिस पहुची तो लोगों ने बस मालिक को बुलाने की मांग करते हुए शव को रोक दिया है। मृतक गिरिडीह तारताड़ का रहने वाला है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को कब्जे में भारी विरोध के बाद नही ले पायी।

# फ्रीमेसंस हॉल के सदस्यों ने यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे पर बुजुर्गों को दी राशन सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** फ्रीमेसंस हॉल धनबाद के सदस्यों द्वारा यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे के अवसर पर सबलपुर स्थित वृद्धजनों के आश्रम ओल्ड एज होम में सभी आश्रित वृद्धजनों के लिए राशन की सामग्री एवं रोजमर्रा की वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की गयी। फ्रीमेसंस हाल के सभी सदस्यों ने वृद्धजनों की सुध बुध ली। सभी वृद्ध जनों ने सभी सदस्यों के सर पर अपना हाथ रखकर अपना आत्मक आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर फ्रीमेसंस हाल, लॉज धनबाद नंबर 95 के पुराने वरशीपफुल मास्टर एवं वर्तमान आइएमए अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने कहा कि यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे के अवसर पर वर्ष की भांति आश्रम के आश्रितों को राशन एवं अन्य जरूरत की चीजों को उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं युवाओं को बुजुर्गों के प्रति संदेश देते हुए कहा आप भी एक दिन बुढ़े होंगे, इसलिए बुजुर्गों की सेवा सम्मान करो, ना की आश्रम भेजो। आप अपने माता-पिता के लिए जो करोगे वही सीख लेकर बच्चे करेंगे इसलिए जीवन में अच्छा काम करो। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुजुर्गों की सेवा के प्रति नौशाद गद्दी जैसा समर्पित व्यक्ति मैंने आज तक नहीं देखा है। वह सभी बुजुर्गों की सेवा में जी जान से लगे रहते हैं। वे धन्यवाद के पात्र है। हम लोग भी इनके टच में रहते हैं जो भी आश्रम के आश्रितों को जरूरत होती है हम लोग देने और दिलवाने का प्रयास करते हैं। इस संदर्भ में हम लोगों की सोच आगे भी बुजुर्गों की यथासंभव मदद करते रहने का है। डॉ एके सिंह ने सभी धनबादवासियों और सरकार से जीवन के अंतिम पड़ाव में इन असहाय वृद्धजनों का सेवा सम्मान एवं ध्यान रखने की अपील की। यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे पर वृद्धजनों की सेवा में डॉ ए के सिंह आईएमएफ प्रेसिडेंट झारखंड, डॉ एके चक्रवर्ती रिटायर्ड सीएमओ सेंट्रल हॉस्पिटल बीसीसीएल, पी शेखर रिटायर्ड प्रिंसिपल गुरु नानक कॉलेज भूदा, दीपक कुमार सिंह डेवलपमेंट ऑफिसर एलआइसी ब्रांच 4, संजय कुमार झा, रितेश कुमार साव, मो जलील अंसारी, निरंजन भट्ट थे।

# खरखरी कोलियरी में जमीन विवाद गहराया, रैयतों पर अत्याचार का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** खरखरी कोलियरी क्षेत्र स्थित हिलटॉप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की आउटसोर्सिंग परियोजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को आजसू पार्टी ने गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें रैयतों और ग्रामीणों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस प्रेस वार्ता का नेतृत्व जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने किया। प्रेस वार्ता में श्री रवानी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिलटॉप एनर्जी कंपनी और बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा बिना वैध अनुमति, कायार्देश और रैयतों की सहमति के जबरन भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय ग्रामीणों की जमीनों पर जबरन बाउंड्रीवॉल खड़ी की जा रही है और विरोध करने पर उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

श्री रवानी ने दावा किया कि बीते दिनों विरोध कर रहे रैयत सुभाष सिंह पर कंपनी के गुंडों ने जानलेवा हमला किया और उन्हें गोली मार दी गयी, जिसके बाद वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा कि अब तक न तो गोलीकांड का मामला दर्ज हुआ है और न ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यालय में की गई तोड़फोड़ और आगजनी पर कोई कार्रवाई की गयी है।

आजसू नेता ने बाघमारा पुलिस प्रशासन पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी घटना में प्रशासन आउटसोर्सिंग कंपनी और असामाजिक तत्वों के पक्ष में खड़ा है। उन्होंने कहा कि निर्दोष रैयतों को जबरन आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया जा रहा है, जबकि असली दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

श्री रवानी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही रैयतों और ग्रामीणों पर हो रहे शोषण और अत्याचार को नहीं रोका गया तथा दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आजसू पार्टी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## कुमार अमित ने एसपी से ज्वेलर्स लूटकांड के उद्भेदन की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चास के आस्था ज्वेलर्स में हुई भीषण डकैती कांड के अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित बोकारो एसपी हरविंदर सिंह से मिले। कुमार अमित ने एसपी से कहा कि शहर में सरेआम हुई इस घटना से जिला के व्यवसायी दहशत में हैं। बोकारो वासियों में भी इसे लेकर गहरा आक्रोश है। बोकारो पुलिस शीघ्र इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ़्तारी कर डकैती का सामान बरामद करवाए। जिससे जनता में कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रह सके। पुलिस इन अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करे। जिससे अन्य अपराधियों में भी पुलिस का खौफ हो सके।

कुमार अमित ने कहा कि बोकारो में सरेआम ऐसी घटना अपराधियों का बढ़ा मनोबल का हीं परिणाम है। ज़िला मे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो पुलिस को पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सभी तरह के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा नेता ने एसपी से बोकारो पुलिस के द्वारा आए दिन वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक परेशान न करने की भी माँग की। बोकारो एसपी श्री सिंह ने भी ज़िला में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई को करने का आश्वासन दिया है।


**कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा**
**जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, जिला चतरा**
E-mail Id- chatrasco@gmail.com

**आम सूचना**

सभी संबंधित पानी पंचायत के अध्यक्ष/सचिव, सदस्य एवं सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि भूमि संरक्षण कार्यालय, चतरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 अन्तर्गत क्रियान्वित तालाब जीर्णोद्वार/परकोलेशन टैंक/डीप बोरिंग निर्माण इत्यादि का कतिपय कारणों से देय योजना विपत्र की राशि का भुगतान नही हुआ था, का भुगतान विभाग द्वारा राशि आवंटन एवं पी0एल0 खाता से भुगतान हेतु आदेश प्राप्त होने के उपरांत अविलम्ब पानी पंचायत के बैंक खाता में नियमानुसार हो जाएगा।

सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि दूष्प्रचार से बचें एवं विभागीय आदेश का प्रतिक्षा करें।

PR 355829 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
चतरा



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपतराय भवन प्रथमत ल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन- 835302

**आवश्यक सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में झारखण्ड सरकार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) अधिसूचना संख्या 8/वि0–1–29/2011–237 दिनांक 16.02.2016 के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (Recognized Private Schools) के कक्षा –1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता युक्त एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग/बी0पी0एल0 (जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 72000/–(बहत्तर हजार) रूपये से कम हो तथा अंचलाधिकारी से आय प्रमाणपत्र निर्गत हो) बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस संबंध में पूर्व में भी विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। नामांकन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया। नामांकन से संबंधित नये बैठक की तिथि का निर्धारण करते हुए सभी आवेदनकर्त्ता छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दे दी जायेगी। विद्यालयों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पूर्व में कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | वर्तमान में कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा। | 12 | 12 | |
| 2. | एम0बी0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, लोहरदगा। | 08 | 12 | |
| 3. | संत लॉरेन्स स्कूल झिंकोचट्टी, भण्डरा, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 4. | संत चार्ल्स स्कूल, जांगी, कुडू, लोहरदगा। | 30 | 30 | |
| 5. | संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 6. | के0के0एम0 पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा। | 10 | 10 | |
| 7. | अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कुडू। | 13 | 13 | |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 355819 Lohardaga (25-26)_D



**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**OFFICE OF THE PROJECT MANAGER SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT**
**AT & P.O. –SIKIDIRI-835219 / DIST. RANCHI ( JHARKHAND)**

**SHORT NOTICE INVITING e-TENDER**

Online bids are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound Companies/Firm/Agencies for the following civil works at SRHP, Sikidiri, Ranchi on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:-

| S. No. | NIT no. | Name of works | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money to be deposited (Rs.) | Cost of Tender Document (Non-refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12/PR/JUUNL/ 25-26 | Re-construction of damaged trash rack and its supporting RCC structure of Penstock-I at SRHP, Sikidiri, Ranchi. | 20,14,500/- including GST | 40,290/- (Refundable) (To be paid in online mode only) | 5,900/- (Non-Refundable) including GST@18% (To be paid in online mode only) |
| 2. | 13/PR/JUUNL/ 25-26 | Rehabilitation of existing RCC structure of trash rack of Penstock-II at SRHP, Sikidiri, Ranchi. | 6,73,100/- including GST | 13,462/-(Refundable) (To be paid in online mode only) | 1,475/- (Non-Refundable) including GST@18% (To be paid in online mode only) |

| | |
|---|---|
| Start date & time of download the tender document | 25/06/2025 at 3:00 PM |
| Start date & time of upload of BID | 25/06/2025 at 3:05 PM |
| End date & time of upload of BID | 12/07/2025 upto 5:00 PM |
| Submission of cost of Tender and Earnest Money | Both of them to be paid via **online mode** only |
| Date & Time of pre-bid meeting | 04/07/2025 at 2:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 14/07/2025 upto 12:30 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi – 835219. |
| Contact Number | 9431707312 |

- e-Tender document and BOQ can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in . The downloaded document shall be treated as a valid document for participation in the tender only if payment has been made towards *price of BOQ* and *earnest money*.
- The earnest money should be deposited in **online mode** on e-tender portal i.e. www.jharkhandtenders.gov.in only.
- Cheque/DD/Fixed Deposit receipt/Money Order or saving certificate etc. are not acceptable towards deposit of earnest money and tenders with above will not be considered without earnest money.
- The earnest money of unsuccessful bidders will be refunded to them after award of the contract.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- Corrigendum/addendum, if any, will be uploaded on above website only.
- Prospective bidders are requested to visit website regularly.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager

PR.NO.355866 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26):D

## बीजिंग में सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक

# एनएसए डोभाल ने की चीन के उपराष्ट्रपति से मुलाकात

- कई देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से भी मिले

एजेंसी

**बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने चीन के उप राष्ट्रपति हान झेंग के साथ मुलाकात की। यह मुलाकात बीजिंग में 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई, जहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक हो रही थी। चीन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि डोभाल इस बैठक में शामिल अन्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ हान झेंग से मिलने पहुंचे थे।

एससीओ में डोभाल ने कहा, सीमापार आतंकवाद फैलाने वाले अपराधियों, साजिशकर्ताओं और उनका वित्तपोषण करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बैठक में डोभाल ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को भी छोड़ने का आह्वान किया। पाकिस्तान में आतंकवादियों को निशाना बनाने वाले भारतीय सेना के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनएसए ने कहा, भारत की कार्रवाई नपी-तुली थी और संघर्ष को बढ़ावा देने वाली नहीं थी। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए सूचना साझा करने का भी आह्वान किया।

इससे पहले, डोभाल ने रूसी रक्षा परिषद के उपसचिव अलेक्जेंडर वेनेदिक्तोव के साथ भी एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक के दौरान मुलाकात की।

दोनों देशों ने आपसी संबंध, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। रूसी पक्ष ने कहा कि वह जल्द ही रणनीतिक वार्ता के अगले दौर के लिए डोभाल का रूप में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों पक्षों ने भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी के आधार पर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने की जोर दिया।



### चीन के विदेश मंत्री वांग यी से भी की डोभाल ने मुलाकात

डोभाल ने सोमवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात की थी। इस दौरान डोभाल ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय (एमइए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रम की समीक्षा की। साथ ही आपसी रिश्तों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा हुई ताकि दोनों देशों के संबंध मजबूत हो सकें। बैठक में डोभाल ने साफ कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और इसके खिलाफ सख्त कदम उठाना जरूरी है, ताकि पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रह सके।

## धनवार प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा का धरना

# जनता त्राहिमाम कर रही है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

- भाजपा कार्यकर्ता बड़ा चौक, थाना चौक, गांधी चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर धरना पर बैठ गये।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** एक दिवसीय धरना कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित किया गया। धरना के पूर्व पुनित राय स्टेडियम से रैली की शक्ल में झारखंड सरकार एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ नारा लगाते हुए धनवार बाजार के बड़ा चौक, थाना चौक, गांधी चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर धरना पर बैठ गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। जनता त्राहिमाम कर रही है। इस सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। व्यवसाई वर्ग हो या आम जनता, हर कोई त्रस्त है। बोकारो में दिन दहाड़ों करोड़ों रुपये लूट लिये गये। भाजपा सरकार में महिलाओं को एक रुपये में जमीन रजिस्ट्री होती थी, परंतु इस सरकार ने इसे बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक तथा अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है, जिससे हर कोई परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता आपकी हर समस्या में आपके साथ खड़े हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप अपनी कार्यशैली में सुधार लायें अन्यथा यहां की जनता आपको कैसे काम होता है, वह सिखाने में पीछे नहीं रहेगी। अब जनता टकटकी लगाये हुए है कि उन्हें कौन न्याय दिलायेगा, कौन सहयोग करेगा। इसलिए प्रत्येक तीन माह में प्रखंड के सभी मंडल अध्यक्ष यहां आयें तथा आम जनता की समस्या को सुचिबद्ध करते हुए उसे दूर करने का कार्य करें।

धरना कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि पवन साव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, जयप्रकाश साहा, सुबोध राय, बिनोद शर्मा, उत्तम साव, सुशेन पांडेय, राजेश साव, संजय यादव, ओमप्रकाश वर्मा, प्रियंका देवी, सुकेश हेंब्रम, अमन तिवारी, संजय साव, श्रीकांत राय, अजय रंजन, राजेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर चारो मंडल के अध्यक्ष के साथ साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



धनवार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

## देशभर में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं।

## 21 बार ब्लास्ट की धमकी देनेवाली लड़की अरेस्ट

अहमदाबाद (आजाद सिपाही)। देश के 12 राज्यों में 21 बार बम विस्फोट की धमकी देने वाली लड़की को अहमदाबाद पुलिस ने चेन्नई से अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गयी लड़की रेनी जोशील्डा अपने ऑफिस के युवक से एकतरफा प्रेम करती थी, लेकिन युवक ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। युवक को फंसाने के लिए ही रेनी ने धमकी वाले ईमेल भेजे। इनमें गुजरात में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम और जयपुर के एमएमएस स्टेडियम में ब्लास्ट की धमकी भी शामिल है। इसके अलावा एअर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद भी एक मेल भेज कर इसकी जिम्मेदारी ली गयी थी। मंगलवार को भी गुजरात हाइकोर्ट को एक धमकी भरा ई-मेल मिला है, जिसमें रेनी के नाम का भी इस्तेमाल किया गया है। रेनी को चेन्नई से गिरफ्तार कर अहमदाबाद लाया जा रहा है।


















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**